हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 16.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 322 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## भारत 31 मार्च तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्त : अमित शाह

एजेंसी

**लखनऊ :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति



के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय मंत्री शाह ने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरूआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया।

## एक नजर

### केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के केशकाल बाईपास को दी मंजूरी

**रायपुर :** केशकाल घाट खंड पर 307.96 करोड़ रुपये की लागत से 11.380 किमी. के 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा। इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा। साथ ही कहा कि इस कदम से प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि और पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है।

### गोदावरी नदी में डूबने से हैदराबाद के पांच युवकों की मौत

**बासर :** तेलंगाना के निर्मल जिले के बासर तीर्थस्थल गोदावरी नदी के तट पर नहाने के दौरान पांच युवकों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। गोदावरी नदी के तट पर स्थित सरस्वती माता का यह मंदिर काफी प्राचीन माना जाता है। बच्चों को शिक्षा प्रारंभ करने से पहले अक्षराभिषेक के लिए यहां पर लाया जाता है। मान्यता है कि बच्चे के जीवन के पहले अक्षर यहां लिखवाने से बच्चे का शैक्षिक जीवन सदैव सफल रहता है। इसी क्रम हैदराबाद से तीन परिवार के 18 सदस्य इस धार्मिक कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। इस बीच गोदावरी नदी में नहाने के दौरान पांच युवकों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। इनकी पहचान हैदराबाद के चिंतल निवासी राकेश, विनोद, मदन, रुतिक और भरत के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भैंसा सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

### भारी बारिश के कारण नेपाल के 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी

**काठमांडू :** नेपाल के मौसम विभाग ने 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। राजधानी काठमांडू सहित देशभर में बीती रात से हो रही लगातार बारिश के बाद मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के मुताबिक नेपाल के धनकुटा, भोजपुर, उदयपुर, सिंधुली, खोटांग, ललितपुर, भक्तपुर, काभ्रे, लमजुंग, कास्की, पर्वत, बागलुंग, कैलाली और कंचनपुर में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के साथ ही नदियों में बाढ़ आने की संभावना है। इन जिलों में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। इसी तरह अछाम, मोरंग, सुनसरी, धनुषा, काठमांडू, ओखलढुङ्गा, मकवानपुर, गुल्मी, पाल्पा, गोरखा, तनहुं, सल्यान, म्याग्दी, बझांग, डोटी, डडेलधुरा, बांके और बर्दिया सहित आसपास के जिलों में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर आने के कारण सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसा, सात लोगों की मौत, हेली सेवाओं पर लगाई गई रोक

एजेंसी

**उत्तराखंड :** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड के पास हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 6 श्रद्धालुओं समेत कुल 7 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने दो दिनों तक हेली सेवाओं पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि हादसे की जांच विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया, दुर्घटना में पांच श्रद्धालु, एक शिशु और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर ने गुप्तकाशी से पांच बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी और पांच बजकर 18 मिनट पर श्री केदारनाथ जी हेलीपैड पर उतरा। हेलीकॉप्टर ने पांच बजकर 19 मिनट पर गुप्तकाशी के लिए फिर से उड़ान भरी और गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मारे गए लोगों में पांच तीर्थयात्री, पायलट और बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का एक कर्मचारी शामिल है। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी। स्थिति पर चर्चा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चार धाम मार्ग पर हेली सेवाएं दो दिनों तक निलंबित रहेंगी, क्योंकि मौसम खराब है और यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। धामी ने कहा



कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी स्तर के हों और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, आम लोगों के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत पर जीवन से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राज्य में हेली संचालन के लिए सख्त एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी करने, एक नियंत्रण और कमांड केंद्र स्थापित करने और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।धामी ने कहा, हेलीकॉप्टर सेवाओं के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन कमांड और समन्वय केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) के अधिकारी और राज्य में हेली सेवाएं संचालित करने वाली कंपनियां इस केंद्र का हिस्सा होंगी। धामी ने कहा, राज्य में हेलीकॉप्टर संचालन के संबंध में डीजीसीए के मानदंडों के अनुपालन में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऊपरी हिमालयी क्षेत्र में उड़ान भरने वाले पायलट अनुभवी हों। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्धन, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन सचिव सचिन कुर्वे, आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन और यूसीएडीए, डीजीसीए और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के अधिकारी शामिल हुए। दुर्घटना के लिए खराब मौसम को जिम्मेदार ठहराते हुए धामी ने कहा कि हेलीकॉप्टर परिचालन सोमवार तक पूरी तरह से स्थगित रहेगा। मौसम खराब है और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। आज और कल कोई हेली सेवा नहीं होगी। विमानन कंपनियों, डीजीसीए और यूसीएडीए को हेली परिचालन फिर से शुरू करने से पहले स्थिति की पूरी तरह समीक्षा करने को कहा गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिमालयी क्षेत्र में अधिकाधिक अत्याधुनिक मौसम पूवार्नुमान उपकरण लगाने के निर्देश दिए, ताकि मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके। धामी ने रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन को दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों से संपर्क करने और उनके शवों को उनके स्थानों पर भेजने की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री तीर्थस्थलों की ओर जाने वाले चार धाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं या आपातकालीन लैंडिंग की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ रही हैं। रविवार सुबह गुप्तकाशी के निकट केदारनाथ से लौट रहे आर्यन एविएशन के हेलिकॉप्टर की दुर्घटना, 30 अप्रैल को यात्रा शुरू होने के बाद से तीर्थयात्रा मार्ग पर पांचवीं हेलीकॉप्टर दुर्घटना थी।

### केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मौत पर मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने जताया दुख


**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना होने पर श्रद्धालुओं की हुई मौत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से श्रद्धालुओं की मृत्यु की दुःखद सूचना मिली है। मरांग बुरु दिवगंत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण सात श्रद्धालुओं के हताहत होने की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

### मुख्यमंत्री ने फादर्स डे पर सभी को दी बधाई



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री में सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि पिता एक ऐसा वटवृक्ष हैं जिनकी छांव में आत्मविश्वास पलता है, और जड़ों से मिली सीख से, जीवन का हर पल सार्थक हो जाता है। मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा आदरणीय दिशोम गुरुजी। उन्होंने फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार कहा है।

## मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे



एजेंसी

**साइप्रस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में आज साइप्रस पहुंचे जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया। मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लानार्का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मेरा आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस में पहुंच गए हैं।

## ईरान-इजराइल तनाव चरम पर : इजराइली हमले जारी, खामेनेई के शीर्ष सलाहकार का निधन

एजेंसी

**तेहरान/यरुशलम :** ईरान और इजराइल में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच हालात और गंभीर हो गए हैं। इजराइली सेना ने शनिवार को पुष्टि की कि वह ईरान की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल साइटों पर हमले कर रही है और यह अभियान जारी रहेगा। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि ईरान के पास अभी भी एक ऐसा शस्त्रागार है, जो इजराइल को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। सेना ने कहा, हम ईरान पर हमला कर रहे हैं, और यह संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। इजराइल के लिए खतरा बनने वाली हर वस्तु या स्थिति को पूरी तरह नेस्तनाबूद किया जाएगा। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली



खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली शमखानी की एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। ईरानी मीडिया के अनुसार, उनकी मौत इजराइली हवाई हमलों के एक दिन बाद हुई, हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। शमखानी लंबे समय तक ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख रहे और सऊदी अरब के साथ चीन की मध्यस्थता में हुई ऐतिहासिक सुलह वार्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके थे।

**अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता पर ब्रेक**

विवाद के बीच, ओमान ने एक और झटका दिया है। मस्कट में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का ताजा दौर रद्द कर दिया गया है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, रविवार को होने वाली वार्ता अब नहीं होगी। हालांकि, हम मानते हैं कि संवाद और कूटनीति ही स्थायी समाधान है।

**इराक ने इजराइली विमानों को लेकर जताई नाराजगी**

उधर, इजराइली लड़ाकू विमानों द्वारा कथित रूप से इराकी हवाई क्षेत्र के उपयोग पर बगदाद में आक्रोश फैल गया है। इराक ने द्विपक्षीय समझौतों और अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला देते हुए अमेरिका से ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए इजराइली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का आह्वान किया है। इराक के सैन्य प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने एक सख्त बयान जारी कर अमेरिका से मांग की है कि वह अपने दायित्वों का पालन करे और जायोनी इकाई से जुड़े विमानों को इराकी आकाश मार्ग से ईरान पर हमला करने से रोके।

## पुणे में इंद्रायणी नदी का पुल ढहने से दो पर्यटकों की मौत, 12 सैलानी लापता

एजेंसी

**मुंबई :** पुणे जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल रविवार को दोपहर में अचानक ढह गया। इस घटना में करीब 24 पर्यटक बह गए हैं, इनमें से करीब १२ लोगों को नदी में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो पर्यटकों की मौत हो गई है। 12 सैलानी अभी भी लापता हैं, जिन्हें खोजने के लिए मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। मावल पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक रणजीत जाधव ने बताया कि आज रविवार होने की वजह से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बने पुराने पुल पर करीब सौ अधिक पर्यटक पहुंचे थे। यह पुल काफी पुराना और पादचारियों के लिए



बनाया गया है। पुल पर जरुरत से अधिक लोगों की वजह से यह पुल अचानक ढह गया। इस घटना में अब तक करीब १२ लोगों को नदी से निकालकर पवना अस्पताल पहुंचाया गया, इनमें से दो की मौत हो गई है। नदी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम नदी में बहे 12 पर्यटकों की तलाश कर रही हैं। एनडीआरएफ के जवान दीपक तिवारी ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही उनकी दो टीमें मौके पर पहुंची हैं और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इंद्रायणी नदी का पुल ढह जाने से कई लोगों के बह जाने की प्राथमिक जानकारी मिली है। इस घटना में कुछ लोग घायल हैं, उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर जिलाधिकारी की टीम मौजूद हैं और मौके पर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। इस पुल को खतरनाक घोषित करके पुल पर न जाने की चेतावनी भी दी गई थी। आज रविवार होने से पुल पर अधिक लोग पहुंचे थे, इससे पुल ढ़ह गया।

## एक नजर

### नशे के कारोबार की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा



बड़कागांव : उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बड़कागांव प्रशासन के द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक पर, संजय स्वीट के पास संध्या 5 :00 बजे नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें नागरिकों से अपील की गई कि नशीले पदार्थ ,जैसे शराब, गांजा, भांग, ब्राउन शुगर अफीम, इत्यादि जैसे चीजों की खरीद बिक्री करते या सेवन करते देखें तो बड़कागांव थाना में सूचित करें सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। बड़गांव प्रशासन ने जनता से अपील की है कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस नशा मुक्ति अभियान मे पूर्व मुखिया विष्णु रजक,सोनू इराकी , मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, समाजसेवी मनोज गुप्ता ,मुखिया अब्दुल्ला खान, बड़का गाँव थाना प्रभारी नामधारी रजक पूर्व मुखिया बसंत नारायण सिंह, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय कार्यालय में आगजनी, महत्वपूर्ण दस्तावेज खाक



जयनगर (कोडरमा) : कोडरमा कोवार मुख्य मार्ग के सम्राट होटल के समीप संचालित विजडम प्लस टू एजुकेशन एकेडमी विद्यालय में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्यालय कार्यालय में आग लगा दी गई। जिसमें विद्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, रजिस्टर, फाइलें, कुर्सियाँ, टेबल,32 बोरा सीमेंट आदि जलकर खाक हो गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वरूप कुमार यादव ने कोडरमा थाना में लिखित आवेदन देकर इस घटना को साजिश करार दिया है। आवेदन में बताया है कि वे दिनांक 21 मई 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मावकाश चल रहा था। 16 जून को पुणे विद्यालय नियमित रूप से संचालन होना था। इसलिए मैंने अपने विद्यालय का सफाई कर्मी मीना देवी को साफ करने शनिवार को भेजा था। जैसे ही वह विद्यालय पहुंची तो उन्होंने देखा कि विद्यालय कार्यालय में आज लगकर विद्यालय का सारा कागजात दस्तावेज सहित अन्य चीज जलकर राख हो गया है।

### महावीर महाराजा और एम एस वॉरियर्स ने अपने-अपने मैच जीते

कोडरमा: जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं एस एन शर्मा मेमोरियल कोडरमा प्रीमियर लीग में रविवार को सीएच हाई स्कूल मैदान में दो मैच खेले गए। पहला मैच महावीर महाराजा और लक्ष्मण लाइन्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्मण लाइंस ने 19 .1 ओवर में सभी विकेट खोकर 158 रन बनाए। जिसमें भोला यादव ने 64 रन अमन कुमार ने 33 रन और कुमार हेमंत ने 26 रन का योगदान दिया । गेंदबाजी करते हुए महावीर महाराजा की ओर से राजीव कुमार ने चार विकेट और सागर तथा विकाश ने दो दो विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी महावीर महाराजा की टीम ने 13 .3 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए जीत दर्ज कर ली । महावीर महाराजा की ओर से श्रेष्ठ ने 100 रन और सौरव कुमार ने 49 रन का योगदान दिया।

# अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पुर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बडकागांव पूर्वी मंडल मे हरली पंचायत भवन मे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जागरूकता बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने की तथा कार्यक्रम का संचालन त्रिवेणी महतो ने किया। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 11 वर्ष मे हासिल हुई उपलब्धियां जन जन तक जागरुकता कार्यक्रम के तहत पहुंचाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक मे मौजूद उमेश दांगी ने कहा केंद्र मे भाजपा सरकार ने इन 11 वर्षों में गरीब तथा हर वर्ग के लोगो के लिए कई बडी उपलब्धियां हासिल की। जनता के लिए बुनियादी सुविधा बड़ी तेजी के साथ धरातल पर उपलब्ध हुई जैसे रहने के लिए आवास, राशन, गैस चूल्हा, शौचालय, शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य इत्यादि जिसे जनता के बीच जागरुकता लाना हमारा दायित्व है। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कार्यकताओं से कहा कि यह भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर इन उपलब्धियों को हर घर हर जन तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही झारखंड की वर्तमान हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज झारखंड का जनता त्रस्त हैं प्रशासनिक व्यवस्था ठप है भ्रष्टाचार अपने चरम पर है । सभी राज्यीय विभाग सुस्त बैठे हैं। झारखंड की हेमंत सरकार को अब इस्तीफा दे देनी चाहिए। बैठक में अहमदाबाद में हुए भीषण विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर उपस्थित महेन्द्र महतो (सांसद प्रतिनिधि बड़कागांव पूर्वी), त्रिवेणी महतो, भगीरथ ठाकुर, कृष्णा गुप्ता, चुरामन महतो,प्रेम लाल, श्रीकांत निराला, महेन्द्र महतो, विष्णु गुप्ता, विजय यादव, गणेश गुप्ता, सेवांती कुमारी, किशोर राणा, सच्चिदानंद पांडेय, चुरामन महतो सहित वरिष्ठ समाजसेवी, बुद्धिजीवी गण उपस्थित रहे।

## जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प, चौपारण से शुरू हुई जनजागरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



चौपारण : झारखंड लोक विकास मोर्चा के नेता जयराम महतो के समर्थन में शनिवार को प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा कमलवार में करबला के समीप एक अहम बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था, संगठन को मजबूत करना, जयराम महतो की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और 2029 के विधानसभा चुनावों में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेना। बैठक में तय किया गया कि जयराम महतो की सोच और विचारधारा को हर गांव, हर घर तक पहुंचाया जाएगा। स्थानीय नीति, विस्थापन नीति, नियोजन नीति, भाषा नीति, शिक्षा नीति इन सभी विषयों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यकताओं ने निर्णय लिया कि आज से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी गांवों में अभियान की शुरूआत होगी, जिसमें जनता को बताया जाएगा कि किस तरह से जयराम महतो झारखंड के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित थे, सूरज कुमार साहू जेएलकेएम उपाध्यक्ष, राहुल कुमार, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष, कृष्ण यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, सुधीर कुमार पांडे, अनिल कुमार दास, लालधारी साहू, श्याम कुमार दांगी, चंदन कुमार, रवि कुमार सोनी, यशोदानंद सहाय, संजय कुमार, महावीर पोद्दार आदि।

## विद्या कोचिंग सेंटर ने दसवी बोर्ड पास विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलाश्वर पंचायत में विद्या कोचिंग सेंटर ने दसवी पास विद्यार्थियों को सम्मानित किया इस सम्मान समारोह में बड़कागांव आर्य भट्ट साइंस कॉलेज के शिक्षकों ने समान समरोह में भाग लिया और साइंस कॉलेज के प्रधान अध्यापक रंजीत सर ने बच्चों को आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया सभी बच्चों को मेडल और कप देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मानित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंगों पंचायत के मुखिया नीलम मिंज तलाश्वर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी एंव विपिन सर को बनाया गया सभी सम्मानित अतिथियों ने बच्चों को बारी-बारी से आगे पढ़ाई जारी रखने की सलाह दी और बहुत सारे मोटिवेशनल कहानी सुना कर बच्चों को मोटिवेट किया। विद्या कोचिंग सेंटर के टीचर विष्णु सर ने बच्चों के लिए इस तरह का कार्यक्रम हमेशा आयोजन करते रहते हैं ताकि बच्चों में प्रोत्साहित हो सके और अपने जीवन में कामयाबी हासिल कर सके। मौके पर उपस्थित तलाश्वर पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार साव, लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल कमार्टांड़ के शिक्षक ईश्वर कुमार महतो संत जोसेफ मध्य विद्यालय बरतुआ के शिक्षक अरुण तिर्की, मंजू देवी,वीणा कुमारी, कंचन देवी, आर्य कुमार, आर्यभट्ट साइंस कॉलेज के शिक्षक अनिता कुमारी, कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार, एंव विद्यार्थी गण उपस्थिति थे।

## उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ केंद्रीय समिति की बैठक झुमरी तिलैया स्थित रॉयल सेलिब्रेशन में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष राम लखन सिंह ने की जबकि संचालन महासचिव शिवलाल सिंह और संगठन सचिव राजेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि समाज को बेहतर बनाने के लिए आपसी सहयोग से सभी को और भी बेहतर प्रयास करने होंगे। हम सबको मिलकर कल्याणकारी कार्य करने की आवश्यकता है। समाज में अभी अशिक्षा, गरीबी आदि विषयों पर कार्य करने की आवश्यकता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामचंद्र सिंह, नारायण सिंह और कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि पूरे क्षेत्र के एक-एक व्यक्तियों से मिलकर हमें अपने उद्देश्य क्रियाकलाप और कार्य प्रणाली को समझाना होगा और अधिक से अधिक व्यक्तियों को संगठन से जोड़ना होगा। केंद्रीय समिति की बैठक में पांच सूत्री प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। जिसमें शिक्षा का प्रचार प्रसार, समाज के गरीब व निसहाय व्यक्तियों को गंभीर बीमारी में मदद, निर्धन मेधावी छात्रों को सहायता, सहित अन्य शामिल हैं। बैठक में हाल ही में समाज के वैसे बच्चे जिन्होंने अपनी योग्यता के बल पर समाज का नाम रौशन किया है, उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें विज्ञान में जिला में टॉप करने वाली मुस्कान कुमारी, आस्था कुमारी, निखिल सिंह, प्रीतम सिंह और प्रियांशु राज शामिल है। कार्यक्रम की शुरूआत महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा झंडो तोलन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। छोटी-छोटी बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर आने वाले सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना का हुआ निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** भारत सरकार के शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन योजनाओं का साइट निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अभियंताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उन्हें कार्यों की अद्यतन स्थिति, प्रगति रिपोर्ट एवं लाभुकों की प्रतिक्रिया से अवगत कराया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोडरमा, डोमचांच एवं जयनगर बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना के कार्यों का संयुक्त सचिव, शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में निम्नलिखित स्थलों का भौतिक अवलोकन किया गयाः बगडोः WTP एवं एरफ नीमाडीहः एरफ तिलैया डैमः जल स्त्रोत लोकाय एवं पूणाडीहः एरफ निरीक्षण के दौरान मुखिया, जलसहिया एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों तथा समाधान पर चर्चा हुई। संयुक्त सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि—सभी लंबित कार्यों को अविलम्ब पूर्ण किया जाए। निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत घरों में नल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर श्क का भव्य समापन, सांस्कृतिक संध्या में बिखरे रंग 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के नेतृत्व में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविरश्क (उअळउ) का समापन शनिवार की संध्या एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्राचार्य डॉ.अयोध्या कुमार शामिल हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम मे एनसीसी कैडेट्स ने पारंपरिक नृत्य, नाटक,, कविता पाठ और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और प्रतिभा की प्रशंसा की। बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर अयोध्या प्रसाद ने अपने संबोधन मे कमांडिंग ऑफिसर एवं समस्त आर्मी स्टाफ एवं एनसीसी ऑफिसर के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहां की एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन आत्मविश्वास देशभक्ति की भावना समाज के लिए प्रेरणा है एनसीसी केवल ड्रिल और परेड तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह चरित्र निर्माण का पाठशाला है उन्होंने एनसीसी छात्रों को काफी उत्साहित और उत्साहित किया मौके पर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट पिंटू कुमार पांडे थर्ड ऑफिसर नवीन चौधरी थर्ड ऑफिसर अमलेश कुमार थर्ड ऑफिसर अभय नारायण गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर शिवानी शर्मा केयरटेकर ऑफिसर श्रृंखला कुमारी बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार बलविंदर सिंह सूबेदार चंद्रहास सूबेदार ए एन ठाकुर सूबेदार चंपा मुरमू नायब सूबेदार घसीटाराम सेना मेडल हवलदार अजीत कुमार सिंह हवलदार विकास कुमार हवलदार रितेश हवलदार रंथो उराव हवलदार दिलेश्वर बॉया हवलदार जगन्ना टोप्पो हवलदार मानस बटालियन के प्रधान सहायक राजेश शाह सहायक रणधीर कुमार सहायक सिद्धार्थ कुमार सहायक रामोशित कुमार सहायक रोहित कुमार सिंह उपस्थित रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी छात्राओं प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया वही इस अवसर पर शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट व्याख्याता सर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के द्वारा मंच से हृदयस्पर्शी शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा:45 झारखंड बटालियन के कमान अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में शिविर केवल प्रशिक्षण का नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह अनुभव रहा। यहाँ हर प्रशिक्षक, और हर कैडेट ने जो समर्पण दिखाया, वह अत्यंत प्रेरणादायक रहा। मैं विशेष रूप से मुख्य अतिथि डॉ अयोध्या कुमार प्राचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा, समस्त परमानेंट इंस्ट्रक्टर समस्त सूबेदार समस्त एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर एनसीसी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस शिविर की सफलता मे योगदान देने वाले हर व्यक्ति—चाहे वह प्रशासनिक सहयोग रहा हो, चिकित्सा सुविधा, रसोई प्रबंधन या अनुशासन व्यवस्था—सभी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। यह धन्यवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मेरे मन की गहराई से निकला एक भाव है, जो हम सबकी ओर से उन सभी के लिए है, जिन्होंने इस शिविर को सफल बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्या कोचिंग सेंटर ने दसवी बोर्ड पास विद्यार्थियों को किया सम्मानित



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलाश्वर पंचायत में विद्या कोचिंग सेंटर ने दसवी पास विद्यार्थियों को सम्मानित किया इस सम्मान समारोह में बड़कागांव आर्य भट्ट साइंस कॉलेज के शिक्षकों ने समान समरोह में भाग लिया और साइंस कॉलेज के प्रधान अध्यापक रंजीत सर ने बच्चों को आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया सभी बच्चों को मेडल और कप देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मानित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंगों पंचायत के मुखिया नीलम मिंज तलाश्वर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी एंव विपिन सर को बनाया गया सभी सम्मानित अतिथियों ने बच्चों को बारी-बारी से आगे पढ़ाई जारी रखने की सलाह दी और बहुत सारे मोटिवेशनल कहानी सुना कर बच्चों को मोटिवेट किया। विद्या कोचिंग सेंटर के टीचर विष्णु सर ने बच्चों के लिए इस तरह का कार्यक्रम हमेशा आयोजन करते रहते हैं ताकि बच्चों में प्रोत्साहित हो सके और अपने जीवन में कामयाबी हासिल कर सके। मौके पर उपस्थित तलाश्वर पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार साव, लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल कमार्टांड़ के शिक्षक ईश्वर कुमार महतो संत जोसेफ मध्य विद्यालय बरतुआ के शिक्षक अरुण तिर्की , मंजू देवी ,वीणा कुमारी, कंचन देवी, आर्य कुमार, आर्यभट्ट साइंस कॉलेज के शिक्षक अनिता कुमारी, कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार,एंव विद्यार्थी गण उपस्थिति थे।

### 21 जून को विशाल सामूहिक योग शिविर का होगा आयोजन




चौपारण : प्रखण्ड के बिगहा स्तिथ माँ गढ़काली मंदिर परिसर में श्री हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का रविवार को भव्य समापन हुआ। योगाचार्य सन्यासी महाराज जी के मार्गदर्शन में यह शिविर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आत्मिक शक्ति को भी जागृत करने वाला साबित हुआ। साधकों ने योग के माध्यम से तन, मन और आत्मा को सशक्त बनाने का गहरा अनुभव प्राप्त किया। शिविर के अंतिम दिन प्रमुख योगासनों जैसे वज्रासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, भुजंगासन, मकरासन, पवनमुक्तासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन और शवासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रभावशाली प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी और अग्निसार प्राणायाम ने साधकों को आंतरिक शुद्धि, मानसिक स्थिरता और ऊर्जा जागरण का अनुभव दिया। सभी साधकों ने योग को जीवन की शैली बनाने का संकल्प लिया। शिविर में बड़ी संख्या में योग साधकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने योग के प्रति अपने संकल्प और साधना की प्रतिबद्धता को दृढ़ किया। संस्थान ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर एक विशाल सामूहिक योग कार्यक्रम करने की घोषणा की है, जिसमें सभी योग प्रेमियों को भाग लेने का निमंत्रण दिया गया है।

### भाजपा ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों को किया समर्पित




चौपारण : प्रखंड के ब्लॉक मोड़ समीप भाजपा कार्यालय में रविवार को विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी और पश्चिमी मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक के दौरान केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। विधायक मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, पारदर्शी प्रशासन और गरीबों के कल्याण में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी जनसंपर्क अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




कोडरमा : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में आज रविवार को मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडल कारा कोडरमा में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एलएडीसी की अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि जेल में आने वाला हर बंदी अपराधी नहीं होता । बंदियों को अपराध की दुनिया से निकलकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होना चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में वह स्वच्छ समाज के निर्माण में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर सकें । शिविर को संबोधित करते हुए एलएडीसीएस के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने कहा कि हमें अपराध से नफरत करना चाहिए अपराधियों से नहीं ।उन्होंने प्ली बारगेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी बंदी प्ली बारगेनिंग के तहत दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं । अपने संबोधन में एलएडीसीएस के अधिवक्ता ललन चौधरी व अश्विनी शरण ने बंदियों के अधिकारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी । इस अवसर पर जेल अदालत का भी आयोजन किया गया ,परंतु किसी भी बंदी द्वारा कोई आवेदन नहीं दिए जाने के कारण किसी भी अपराधी को रिहा नहीं किया जा सका।

## एक नजर

### ट्रैफिक पुलिस से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**रांची** : राजधानी रांची के कटहल मोड़ में ट्रैफिक पुलिस और टेम्पो चालकों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हंस कुमार और अखिलेश कुमार नामक दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आज पुलिस द्वारा दोनों को कटहल मोड़ पर परेड भी कराई गई। यह घटना 9 जून की है, जब ट्रैफिक पुलिस ने कटहल मोड़ पर एक टेम्पो को रोका था। इस पर नाराज टेम्पो चालकों ने पुलिसकर्मियों से झड़प शुरू कर दी थी। विवाद इतना बढ़ गया कि एक चालक ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान रोहित गंजू के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल घायल जवान का इलाज रिम्स में चल रहा है।

### फादर्स डे पर डॉक्टर संजय ने किया पुस्तक का लोकार्पण

**रांची** : फादर्स डे के खास अवसर पर रांची प्रेस क्लब सभागार में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार ने पापा माई हीरो ऐन ऑटो मैन पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक समाज में छिपे असली नायकों की कहानी है। जो लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस आत्मकथात्मक पुस्तक के लेखक मोहम्मद मुजम्मिल हुसैन ने इस पुस्तक को अपने पिता मोहम्मद हुसैन को समर्पित किया है। लेखक के पिता पेशे से एक ऑटो चालक हैं। मौके पर लेखक हुसैन ने बताया कि यह किताब सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि एक ऐसे पिता की संघर्षमयी यात्रा है, जिसने गरीबी, तकलीफों और विश्वासघात के बीच भी अपने बच्चों के सपनों को पंख दिया है। लेखक हुसैन ने बताया कि उनके पिता ने सादगी और आत्मसम्मान के साथ जिंदगी जिया है। और बिना किसी दिखावे के एक सच्चे नायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक अमेजन, गूगल बुक्स, फ्लिपकार्ट, प्ले स्टोर और क्राउन पब्लिशिंग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जो पाठकों को एक प्रेरणादायक अनुभव कराएगी। इस अवसर पर लेखक के परिवारजन सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### झारखंड के अधिकांश जिलों में 17 से बारिश की संभावना

**रांची** : झारखंड के अधिकांश जिलों में 17 जून से हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी है। विभाग के अनुसार 17 और 18 जून को राज्य के कुछ इलाको में भारी बारिश होने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 17 जून को जिन इलाकों में भारी बारिश की संभावना है उनमें उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी-पश्चिमी जिले और इससे सटे मध्यवर्ती इलाके हैं। साथ ही इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसके अलावा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। 18 जून को जिन जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इनमें दक्षिण, मध्य और उत्तर-पूर्वी इलाके शामिल है। साथ ही कहीं-कहीं 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गति से हवा चलने की आशंका है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में दक्षिणी-मॉनसून पश्चिम बंगाल के रास्ते झारखण्ड और बिहार में पहुंचने की संभावना है। इधर, रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक बारिश लातेहार में 20 मिमी रिकॉर्ड की गई।

# 81 वर्षीय वृद्ध से साइबर ठगी करने वाले दो भाई गिरफ्तार, 2.57 लाख रुपये भी बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : 81 वर्षीय वृद्ध चुंडा पुर्ती के बैंक खातों से अवैध रूप से निकाले गए 3.26 लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 2,57,200 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, तीन चेक बुक और चार पासबुक बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित चुंडा पुर्ती (पता झ एचईसी कॉलोनी, सेक्टर 1, धुर्वा) ने 25 अप्रैल को साइबर थाना रांची में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 के बीच उनके दो बैंक खातों से कुल 3,26,278 रुपये की अवैध निकासी हुई है। जांच में पता चला कि यह रकम उनके पैतृक गांव कुचीबेडा (जिला पश्चिम सिंहभूम) स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से निकाली गई, जिसे प्रशांत खिलार नामक व्यक्ति संचालित करता था। आरोपी प्रशांत खिलार ने अपने भाई रुपेश खिलार के साथ मिलकर वादी के एटीएम कार्ड की तस्वीरें लीं और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को पोर्ट कर दूसरे व्यक्ति के नाम पर सिम जारी करवा लिया। इसके बाद उन्होंने अपने मोबाइल फोन में उस सिम का उपयोग कर वादी का यूपीआई खाता बनाकर उनके खातों से रकम निकाल ली। पुलिस उपमहानिरीक्षक-सह-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर साइबर डीएसपी और निरीक्षक मनीषा कुमारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी कर दोनों भाइयों – प्रशांत खिलार और रुपेश खिलार (दोनों पिता बागुन खिलार, निवासी झ उडिया टोला, ग्राम कोटगढ़, थाना नोवामुंडी, जिला पश्चिम सिंहभूम) – को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। बरामद धनराशि के अलावा शेष राशि को उन्होंने अपने सीएसपी ग्राहकों और परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दिया था।

## सेवा भारती का सेवा कार्य परिणामकारी : विजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : रविवार को राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय वैभवश्री-अध्ययन टोली की दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रांची के सेवा धाम,जोन्हा में सम्पन्न हुआ। इस वर्ग में बिहार, झारखंड, उड़ीसा, बंगाल, मेघालय प्रांतों के प्रमुख महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के केंद्रीय टोली के विशेषज्ञ पदाधिकारियों ने वैभवश्री, स्वावलंबन, अध्ययन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महासचिव विजय पुराणिक ने बताया कि सेवा भारती के परिणामकारक सेवा कार्यों से सामाजिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने समाज में चलने वाले स्वयं सहायता समूहों और सेवा भारती की वैभवश्री में फर्क बताते हुए कहा कि हमारे स्वयं सहायता समूह में केवल अर्थिक विनिमय नहीं किया जाता है बल्कि सेवा, संस्कार, समानता, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीयता का भाव निर्माण होता है। महिलाएं अपनी साप्ताहिक बैठकों में स्थानीय सामाजिक मुद्दों सहित देश-दुनिया की खबरों को साझा करती हैं साथ ही सामाजिक कार्यो में भाग लेती हैं। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्ययन प्रमुख प्रमोद कुलकर्णी ने मोबाइल एप से वैभवश्री का अध्ययन करने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्रांत टोली अनुसार आगामी तीन वर्षों के कार्य विस्तार की योजना बनाई गई। अपने क्षेत्रों के चयनित वैभवश्री सेवा कार्यों का अध्ययन करने की रूपरेखा तैयार किया गया। समापन कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर सेवा भारती के मार्गदर्शक गुरुशरण प्रसाद, प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा, ऋषि पांडेय, राधेश्याम अग्रवाल, चंदन मिश्र, श्याम टोरका, शुभेन्दू भट्ट, परमानंद कुजारा, विनय लाल, संजय गोयल, मुंडा सिंह सहित नगर-ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भूमि विवादों के समाधान को लेकर सोशल मीडिया से शिकायत भेजें लोग : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मंत्री दीपक बिरुआ ने भूमि से जुड़े मामलों में समन्वय और समाधान की दिशा में आम लोगों एवं समाजसेवियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने राज्यवासियों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की टीम जनता की समस्याओं को न केवल संज्ञान में लेती है, बल्कि उनका समाधान भी करती है।उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी से प्रार्थना और निवेदन है कि भूमि से संबंधित जितनी भी आवेदन हो, वह मुझे एक्स के मैसेज में भेजें। बहुत जल्द एक नंबर साझा करूंगा, जिससे भूमि संबंधी शिकायतों का सीधे समाधान हो सके। मंत्री ने समाजसेवियों को एकजुटता और समन्वय का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक या भूमि विवाद से जुड़े मामलों को उठाने की जिम्मेदारी एक व्यक्ति समर्पित रूप से लें। उन्होंने चिंता जताई कि एक ही मुद्दे को कई लोग अलग-अलग मंचों पर उठाते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है और समाधान की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। बिरुआ ने लिखा है कि अगर सिर्फ सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना ही कार्य है, तो मेरा निवेदन है कि पोस्ट करने से पहले आप संबंधित व्यक्ति से मिलें, बातचीत कराएं और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ते-लड़ते जंग हार गया सुखलाल : जयराम महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो ने डुमरी प्रखंड अंतर्गत बलथरिया के पंचायत सेवक सुखलाल महतो के भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ने के बाद रिम्स में हुए निधन पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाला एक और सपूत मृत्यु से जंग हार गया। इससे ज्यादा दुखद और शर्मनाक क्या हो होगा। ईश्वर ऐसे नेक और पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे। लेकिन सुखलाल महतो की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ उठी आवाज को जिसने भी दबाने का प्रयास किया था। इसमें जो भी दोषी है। उनपर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। दोषीदारों पर कड़ी और दंडात्मक कार्यवाही होनी चाहिए। आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी हो। उन्हें सरकार नौकरी से बर्खास्त किया जाए। विधायक ने राज्य सरकार से परिजनों को सरकारी सेवक के रूप में मिलने वाली सुविधाओं के अलावा मुआवजा के तौर पर 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की भी मांग की है।

## हूल दिवस पर 28 से 30 जून तक कांग्रेस की हूल पदयात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सिद्धू-कान्हू, चान्द-भैरव, फूलो-झानो समेत अन्य शहीदों की स्मृति में 30 जून को मनाए जाने वाले हूल दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा 28 से 30 जून 2025 तक हूल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस पदयात्रा का समापन 30 जून को भोगनाडीह में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार आज सोशल मीडिया विभाग की एक अहम बैठक आयोजित की गई। सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में यह बैठक जूम प्लेटफॉर्म पर संपन्न हुई, जिसमें सभी जिलों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक में सोशल मीडिया के चेयरमैन ने हूल यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। साथ ही यात्रा के सफल संचालन हेतु एक समर्पित समिति के गठन की बात भी कही गई। इस अवसर पर सोशल मीडिया स्टेट कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा और प्रशांत पांडे के साथ-साथ विभिन्न जिलों से जगदीश चंद्र महतो, पियारूल इस्लाम, नेहाल अख्तर, जियाउल रहमान, सुनीता गोप, अमित कुमार पांडे, उदय केसरी, वसीम अहमद, देवेंद्र पासवान, जुलकर नैन, भोला दास, कमलेश कुमार महतो, राजकुमार वर्मा, अफाक आलम, रवि कच्छप, असलम अंसारी, चांद रशीद, राजेश कुमार ठाकुर, इफ्तेखार अंसारी, केदारनाथ साहू, मोशाहिद हुसैन, आशीष शुक्ला, कुंदन कुमार यादव और प्रकाश महतो आदि ने भाग लिया।

# पंचायत सेवक ने बीडीओ सहित चार लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर की खुदकुशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : गिरिडीह के डुमरी में एक पंचायत सेवक ने बीडीओ सहित चार लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कीटनाशक खाकर खुदकुशी कर ली। मृतक पंचायत सेवक का नाम सुखलाल महतो था, जो बलथरिया पंचायत के कुलगो निवासी थे। शुक्रवार को सुखलाल महतो ने डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उन्हें गंभीर हालत में रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई। खुदकुशी से पहले सुखलाल महतो ने सोशल मीडिया पर डुमरी विधायक जयराम महतो के नाम एक पत्र पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने अपनी आत्महत्या के लिए चार लोगों को जिम्मेदार ठहराया था। सुखलाल महतो ने अपने सुसाइड नोट में जिन लोगों पर मानसिक उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया था, उन सभी पर सार्वजनिक रुप से अपमानिक करने का आरोप है। डुमरी की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के बारे पोस्ट में कहा गया था कि उन्होंने भरी सभा में तुम-ताम जैसे शब्दों से अपमानित किया। इसके अलावा बलथरिया की मुखिया के पति परमेश्वर नायक, पीएमएवाई के बीसी अजय कुमार और बलथरिया के रोजगार सेवक अनिल कुमार को भी मानसिक प्रताड़ना के लिए जिम्मेदार ठहराया था। पंचायत सेवक ने पत्र में अपनी मौत के लिए चारों व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराते हुए विधायक जयराम महतो से अपने परिवार के भरण-पोषण का ध्यान रखने की अपील भी की थी।

### डीसी ने जांच कमेटी का किया गठन

पंचायत सेवक के कीटनाशक खाने के मामले को सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है और जिले के डीसी को जांच का आदेश दिया है। जिसके बाद डीसी रामनिवास यादव ने जांच कमेटी बनाई है। कमेटी में अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ, सरिया बगोदर के एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता, मुख्यालय डीएसपी नीरज कुमार सिंह एवं डॉ. रवि महर्षि को शामिल किया गया है। डीसी के जरिये गठित कमेटी ने डुमरी अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर डुमरी प्रखंड के कई कर्मियों के साथ-साथ बीडीओ से भी पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान पंचायत सेवक की मौत होने के बाद, विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए डुमरी एसडीओ ने क्षेत्र में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की है। एसडीपीओ सुमीत कुमार राजावत ने कहा कि पंचायत सेवक की मौत के मामले की प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्जन वीक के अंतिम रिम्स में हुई क्विज प्रतियोगिता



**रांची** : पिछले एक सप्ताह से चल रहे सर्जन वीक के अंतिम दिन रविवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान ( रिम्स) में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य सर्जरी से जुड़ी जानकारी को रोचक ढंग से दोहराना और विभागीय समन्वय को मजबूत करना था। यह आधुनिक सर्जरी के जनक माने जाने वाले डॉ. जोसेफ लिस्टर की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य सर्जनों के समर्पण, सेवा और समाज में उनके योगदान को सम्मान देना है। समापन समारोह में विभाग की ओर से सम्मान कार्यक्रम, क्विज विजेताओं को पुरस्कार वितरण तथा एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसने पूरे सप्ताह की गतिविधियों को उत्सवमय बना दिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉ. सुमेधा, डॉ. श्वेतभ और डॉ. प्रतीति की टीम ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान डॉ. सत्यम, डॉ. ट्यूलिप और डॉ. दीपांजन की टीम को मिला और तृतीय स्थान डॉ. प्रलय, डॉ. मृणांक और डॉ. प्रीतम की टीम ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर डॉ. निशीथ एक्का की ओर से किया गया, जिनकी प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। क्रिकेट मैच जूनियर रेजिडेंट द्वितीय वर्ष (टीम स्कैल्पेल) और प्रथम वर्ष (टीम स्यूर) के बीच खेला गया, जिसमें द्वितीय वर्ष की टीम स्कैल्पेल विजयी रही। डॉ. तारिक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। जबकि मैच में अंपायर की भूमिका डॉ. पंकज बोडरा ने निभाई। समापन समारोह में डॉ. डी. के. सिन्हा, डॉ. पंकज बोडरा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. कृष्ण मुरारी, डॉ. मृत्युंजय मुंडु, डॉ. समीर टोप्पो, डॉ. सतीश मिधा, डॉ. निशीथ एक्का समेत विभाग के अनेक वरिष्ठ चिकित्सक एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

### 160वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 160 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्यामसुंदर शर्मा राजेश शर्मा सीमा शर्मा एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। शर्मा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में पुलाव आलू चनादाल कद्दू का मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी आमरस खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है।भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### श्री श्याम मित्र मण्डल का चुनाव प्रक्रिया प्राराम्भ



**रांची** : श्री श्याम मित्र मण्डल का सत्र 2025-2027 के चुनाव लिए चुनाव प्रक्रिया प्राराम्भ हो चुकी है। सदस्यो में नामांकन करने के लिए उत्साह है। चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया और सहयोगी पदाधिकारी राजकुमार केडिया ने बताया की 13 जुलाई 2025 रविवार को प्रातः 11 बजे से आहूत बैठक में चुनाव होगा। अबतक तीस नामंकन पत्र निर्गत किये जा चुके है। अध्यक्ष के लिए एक, उपाध्यक्ष के लिए दो, महामंत्री के लिए एक, मंत्री के लिए दो, उपमंत्री के लिए दो, कोषाध्यक्ष के लिए एक, प्रचार मंत्री के लिए एक, आंतरिक अंकेक्षक के लिए एक और पांच कार्यकारिणी सदस्यो का चुनाव होना है।

### मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता : टीम रेड ने फाइनल मुकाबले में टीम येलो को हराया



**रांची** : रांची यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में रविवार को वॉलीबाल मीडिया कप का आयोजन रांची प्रेस क्लब की ओर से किया गया। मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। इसके पूर्व मीडिया कप वॉलीबॉल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया पार्टनर प्रशांत उनिकृष्णन, संदीप उनिकृष्णन रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कन्वेनर राजेश गुप्ता, इंटरनेशनल रेफरी राजेश सिंह, इंडियन वॉलीबॉल एसोसिएशन के कार्यसमिति सदस्य उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, वासुदेव चटर्जी फाउंडेशन के राजीव चटर्जी, रांची जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय ठाकुर, खेलो इंडिया के टेक्नीकल हेड उपेंद्र गुप्ता ने फाइनल मैच सह समापन समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि खेल के मैदान में कलकारों को खेलते देखना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। दूसरे दिन भी सभी मैन ऑफ द मैच प्लेयर्स को डीआईजी चन्दन सिन्हा की घोषणा के अनुरूप 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। टूर्नामेंट में दूसरे दिन रविवार को तीन मुकाबले खेले गए पहले मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 18-25, 25-5, 15-4 से हराया। वहीं रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 14-25, 25-18, 15-9 से हरा मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

## एक नजर

### एयरपोर्ट पर अहमदाबाद विमान हादसे के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो** : रविवार को बोकारो हवाई अड्डा परिसर में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें कई डॉक्टर्स और आम नागरिक शामिल थे। इस श्रद्धांजलि सभा में भीम आर्मी बोकारो जिला अध्यक्ष ललन कुमार बौद्ध, आजाद समाज पार्टी के जिला संयोजक हामिद खान, मीडिया प्रभारी सलमान खान, बेरमो प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ता रंजीत कोल, चंददेशवर महतो, सिद्दीक, ईशू बौद्ध, सुमन सोनी, अनमोल और प्रदेश प्रवक्ता प्रभुनाथ बौद्ध सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह हादसा देश के लिए अपूरणीय क्षति है और सभी को एकजुट होकर पीड़ित परिवारों का साथ देना चाहिए। सभा का उद्देश्य शहीदों को सम्मान देना और उनके परिवारों के प्रति एकजुटता प्रकट करना था।

### सोलगीडीह तालाब में मिली युवक की लाश इलाके में मचा हड़कंप



**बोकारो** : रविवार सुबह चास के सोलगीडीह तालाब में एक अज्ञात लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुरुदेव प्रसाद के रूप में हुई है, जो चास कॉलेज के पास का रहने वाला बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरती लाश को देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिराचास थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लाश को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चास सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत का कारण क्या है—आत्महत्या, दुर्घटना या फिर कोई साजिश। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### झारखंड स्टेट जूनियर बूशु चैंपियनशिप का हुआ समापन



**सिल्ली** : झारखंड स्टेट जूनियर बुशू चैंपियनशिप का समापन रविवार को किया गया जिसमें दो दिवसीय कार्यक्रम में कई जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिए। खेल की शुरूआत शनिवार को विलेज रिजॉर्ट हॉल में किया गया। इस खेल में जीते हुए प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा जो इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए उन्हें आगे अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया गया और कहा गया कि परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष बीना देवी चौधरी, तीरंदाजी के कोच प्रकाश राम तथा शिशिर महतो ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद व साहित्यलोक द्वारा भव्य साहित्यिक समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद व चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 4 के विद्यापति सभागार में भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति' की तीन मैथिली पुस्तकों 'कौटिल्यक अर्थशास्त्र' (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में), 'आचार्य चाणक्यक अवदान' (कथा नीति सूत्र) व 'प्रहरी पुरुष' (संक्षिप्त स्वरूप मैथिली पद्य में) का लोकार्पण किया गया। समारोह का उद्घाटन रांची से पधारे मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग से आये वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा, बोकारो के वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष जे पी चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, परिषद के निदेशक मंडल के संयोजक राजेन्द्र कुमार, निदेशक मंडल सदस्य अविनाश कुमार झा, परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने महाकवि विद्यापति की प्रतिमा व माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अक्षिता पाठक ने महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना 'जय जय भैरवि असुर भयाउनि...' व अरुण पाठक ने महाकवि विद्यापति की रचना 'माधव कते तोर करब बड़ाई...' की सुमधुर प्रस्तुति से की। मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि आज के दिन वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक जी की तीन मैथिली पुस्तकों का लोकार्पण होना मैथिलों के लिए गौरव की बात है। साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक ने इन पुस्तकों की रचना प्रक्रिया पर अपने विचार रखे। इसके बाद साहित्यकार शैलजा झा, हितनाथ झा, डॉ राम नारायण सिंह व कुमार मनीष अरविंद ने श्री मल्लिक की तीनों पुस्तकों की समीक्षा आलेख प्रस्तुत करते हुए भारतीय समाज व जीवन में चाणक्य के योगदान को बहुमूल्य बताया और कहा कि इन पुस्तकों में लेखक ने बहुत ही रोचक शैली में चाणक्य के अवदान का वर्णन किया है। शैलजा झा ने कहा कि साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की पुस्तक 'चाणक्यक अवदान' मैथिली साहित्य के लिए अवदान है। इसमें कुल तीस नीति कथाएं हैं, तीन सौ तीस नीति दोहे हैं और पाँच सौ सत्तर चाणक्य सूत्र वाक्य है जो आज के समय में भी प्रासगिक हैं।

## जीवन कौशल एवं सुरक्षा कानून पर प्रशिक्षण आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत भवन में किशोरियों एवं युवा महिलाओं को जीवन कौशल एवं कानूनी सहायता पर सहयोगिनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा, मानव तस्करी बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी किया गया । इस दौरान बेरमो कोर्ट की अधिवक्ता कल्याणी ने बताया कि महिलाओं के हित में कई प्रकार के कानून है , जिसे हमें जानना बेहद जरूरी है । सबसे पहले तो हमारे संविधान में जो मौलिक अधिकार दिए गए हैं जिसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार सहित 6 मूलभूत अधिकार है। हमारे मौलिक अधिकार का हनन होने पर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दे सकते हैं । प्रशिक्षक ने बताया कि पोक्सो कानून 18 साल से कम उम्र के बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक भावनात्मक हिंसा के शिकार होने से कानूनी तौर पर संरक्षित करता है। कोई भी व्यक्ति अगर किसी नाबालिक के साथ छेड़छाड़ जबरदस्ती परेशान करता या गलत तरीके से छेड़ना, गंदे चित्र दिखाना, गलत तरीके से इशारा करना, बल पूर्वक बलात्कार का प्रयास करना कानूनी अपराध है।

## वृद्धाश्रम का न्यायाधीश ने किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले के पंचायत स्तर पर बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार न हो उसके लिए रविवार को एकदिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कड़ी में न्यायाधीश मयंक तुषार टोपलों ने दो वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिले में स्थित दो वृद्ध आश्रम ओल्ड ऐज होम सबलपुर और आसनडाबर, कदैया, टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आवासित सभी 70 वृद्ध से मुलाकात की एवं उनकी स्थिति को जाना न्यायाधीश ने वृद्धा आश्रम के संचालक नौशाद गद्दी को निर्देश दिया कि दोनों ही जगह पर आवासित वृद्धो को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम आने का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करने के महत्व पर प्रकाश डालना है । साथ ही आज की पीढ़ी के युवाओं के संदेश दिया गया कि अपनी बुजुर्गों का अधिकार एवं सम्मान की रक्षा करें । इस दौरान अधिवक्ता मीना कुमारी ,एलएडीसीएस टीम, डालसा सहायक सौरभ सरकार,राजेश कुमार सिंह के द्वारा बुजुर्गों के बीच दैनिक जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया। आश्रम के सभी बुजुर्गों ने डालसा सचिव को हार्दिक आशीर्वाद दिया।आश्रम के सभी बुजुर्गों एवं अध्यक्ष नौशाद गद्दी और कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा ने डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो को पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल ओढाकर सम्मानित किया।

## सभी लाभुक अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को अभियान के प्रति करें जागरूक : एडीएम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : रविवार समाहरणालय सभागार से एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से 15 से 30 जून तक चलाए जाने वाले धरती आबा जनभागीदारी अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिस्थितियों का वितरण कर लाभुकों को शुभकामनाएं दिए। समाहरणालय सभागार से सोलर पंप, धोती साड़ी, वन पट्टा, बीज, मूंगफली, रोजगार नियुक्ति पत्र, मछली पालन हेतु मछली जीरा एवं जाल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि धनबाद जिला के 196 गांव में यह कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय बहुल गांवों में कैंप लगाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, सिकल सेल मिशन, पीएम जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं पीएम आवास योजना जैसी 25 से अधिक सरकारी योजनाओं सहित राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को एक साथ देने का प्रयास होगा। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे इन शिविरों में आकर योजनाओं का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाएं। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल, डीआईओ, एलडीएम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## नवोदय जागरूकता अभियान नवोदय गरीबों के लिए वरदान : शंकर किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : रविवार को संकल्प एजुकेशन राजगंज एवं विनोद ज्ञान ज्योति ट्रस्ट के तत्वाधान नवोदय जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में विनोद ज्ञान ज्योति ट्रस्ट के सचिव शंकर किशोर महतो ने कहा नवोदय विद्यालय गरीब बच्चों के लिए वरदान है। अभावग्रस्त जिंदगी में नवोदय उनके सपनों को साकार करता है अतः सभी बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा में जरूर सम्मिलित होना चाहिए। संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परीक्षा हर बच्चे के जीवन में एक बार आता है जब वह कक्षा पंचम में पढता है ।इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को नवोदय विद्यालय में पढ़ने का मौका मिलता है जहां निशुल्क शिक्षा, निशुल्क आवास,निशुल्क भोजन एवं निशुल्क उत्कृष्ट श्रेणी के पाठ्य पुस्तक उपलब्ध होते हैं । ज्ञात हो जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को होने वाला है जिसके लिए आवेदन ऑनलाइन स्वीकार किये जा रहे हैं हमें हर विद्यालय में जाकर वर्ग पंचम के छात्र-छात्राओं को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए । कार्यक्रम मुख्य रूप से मैराकुली,पलटन टाड़ ,गली कुली, कनाटांड़ आदि स्थानों पर चला कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र कुमार यादव, संतोष एजुकेशन के छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

# सेल प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ विस्थापित अप्रेंटिस संघ का आक्रोश, सांसद से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रविवार को विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्य सांसद ढुलू महतो से उनके आवास में भेट कर विस्थापित अप्रेंटिस संघ अपनी मांगो को लेकर पूर्व में 3अप्रैल को प्रशासनिक भवन के समकक्ष संघ अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन में प्रबंधन के मिली भगत से सीआईएसएफ द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया गया था जिसमें सीआईएसएफ के लाठी चार्ज से प्रेम प्रसाद का धरना स्थल में ही शहीद हो गए और कई साथी चोटिल भी हुआ। आज दो महीना बीत गया लेकिन सेल प्रबंधन द्वारा संघ के मांगों पर अब तक पहल नहीं किया गया। संघ के सदस्यों द्वारा सांसद महोदय जी को पुनः सेल प्रबंधन के गलत नीतियों पर जानकारी दिया गया। सांसद महोदय ढुलू महतो ने तुरंत बोकारो उपायुक्त को कॉल के माध्यम से बात कर दो तीन दिन के अंदर सेल प्रबंधन से वार्ता कर पहल करने को बात कही। बोकारो उपायुक्त बोले जल्द ही वार्ता करवाया जाएगा। धनबाद सांसद ने कड़े शब्दों में ये भी कहा विस्थापित अप्रेंटिस युवाओं को हर हाल में नियोजन दिलाने का काम करेंगे। इन 9 सालों में सेल प्रबंधन ने विस्थापित अप्रेंटिस युवाओं को बेरोजगारी से मारने का काम किया है।

संघ के सदस्यों द्वारा बोला गया अगर इस बार संघ के मांगों पर पहल नहीं हुई तो विस्थापित अप्रेंटिस संघ द्वारा पारंपरिक हथियार तीर धनुष के साथ आंदोलन किया जाएगा और हमलोग भी जान देने के लिए तैयार हैं। जिसमें सारा जवाबदेही सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। उपस्थित अप्रेंटिस साथी दुर्गा चरण महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, सुंदर लाल, वकील अग्रवाल, सुभाष, जानकी, संतोष, अमित कुमार, अजय, परितोष, अमोद, गणेश, राजू, उमेश, संकेत, सुमित सिंह, बबलू, हरीश सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेल अदालत दो बंदियों हुए रिहा



**धनबाद** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया की मंडल कारा धनबाद मे जेल अदालत एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दो मामलों को चिन्हित किया गया था। दोनों अभियुक्त को जेल अदालत के पीठासीन पदाधिकारी रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं सुरेश उरांव न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर किया गया। दोनों अभियुक्तों द्वारा दोष स्वीकार करने पर उनको जेल से रिहा किया गया। इस दौरान मंडल कारा में मेडिकल कैंप लगाकर दर्जनों की संख्या में बंदियों का डॉ राजीव कुमार सिंह, एवं उनके टीम द्वारा समुचित जांच किया गया।

### नशा मुक्त भारत की दिशा में डकरा में लिया गया संकल्प



**खलारी**: रांची पुलिस प्रशासन की ओर से नशा मुक्ति अभियान के तहत खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहन नगर में रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाते हुए कहा कि "स्वस्थ समाज और उज्वल भविष्य के लिए नशा से दूरी जरूरी है। डीएसपी चौधरी ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर समाज के विकास में भागीदार बनें। अभियान के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस पदाधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस जागरूकता कार्यक्रम में एसआई देव कुमार, खलारी विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार, एसआई कपिलदेव यादव, एएसआई राज किशोर सिंह, महिला सअनि मोनिका टुडू, बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण जन मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की स्थानीय स्तर पर लोगो ने सराहा।

### विधायक ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सिल्ली/मुरी**: सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हांकेदाग पंचायत में रामपुर से बरलांगा रोड स्वर्णरेखा नदी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में बुजुर्ग महिला शांति देवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने संवेदक को उच्च गुणवत्तापूर्ण के साथ पथ का निर्माण करने का निर्देश दिया और उपस्थित ग्रामीणों से भी कार्य में सहयोग करने का अपील किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने अपनी अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, समस्याओं को देखते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अन्य समस्याओं का निपटारा भी किया जाएगा। मौके पर सुयोग साहू एवं भीष्म महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### पटना नाला क्षेत्र में यूनिट क्राइम प्रिवेंशन टीम ने पकड़ा चोर, भारी मात्रा में तांबे की केबल बरामद



**बोकारो** : शहर के नाला क्षेत्र में यूनिट क्राइम प्रिवेंशन टीम ने शुक्रवार शाम को अपराधियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। टीम ने सतर्कता दिखाते हुए करीब 8:40 बजे एक संदिग्ध युवक का पीछा किया और उसे चोरी किए गए सामान के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरज कुमार सिंह (22 वर्ष) के रूप में हुई, जिसे लगभग 8:50 बजे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 35–40 किलोग्राम स्क्रैप तांबे की केबल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी और बरामद सामग्री को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बालीडीह पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के प्रति विश्वास बढ़ा है।

### एलपी ट्रक के चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**पेटरवार** : पेटरवार थाना क्षेत्र लुकैया गांव स्थित बजरंग बली मंदिर के निकट नेशनल हाईवे 23 पर सीमेंट लोड एलपी ट्रक के चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी पेटरवार में प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में युवक का दाहिना पैर बुरी तरह से कुचल गया है।। बताया जाता है कि दांतु पंचायत गांव जोरीया निवासी 35 वर्षीय कवारी सिंह अपने घर से पेटरवार बाजार आ रहा था कि भारत माला के तहत फॉरलेन निर्माण कार्य में बन रहे पुल के निकट पीछे से आ रहा सीमेंट लदा एलपी ट्रक चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर डस्ट जमा था। जिसके कारण बाइक सवार स्लिप कर गया। इसके बाद एलपी ट्रक का पिछला चक्का युवक के पैर में चढ़ गया। घटना के बाद एलपी ट्रक चालक ने वाहन को किनारे खड़ी कर मौके से फरार हो गया । पेटरवार पुलिस ने घटनास्थल पहुंची एवं ट्रक को अपने कब्जे में लिया। बताते चलें कि आए दिन उस स्थल पर एनजी सड़क निर्माण कंपनी के मनमानी रवैया के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही है। परंतु कंपनी के द्वारा एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण उक्त स्थल पर दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## एक नजर

### भाकपा माले बन रही सरिया ओवरब्रिज निर्माण में बाधक

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया रेलवे ओवरब्रिज, जो क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग और जनसुविधा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है, एक बार फिर राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार हो रहा है। भाकपा द्वारा जानबूझकर इस निर्माण कार्य में बाधा डालना क्षेत्र के विकास के खिलाफ गंभीर साजिश है। यह ओवरब्रिज, जिसकी स्वीकृति वर्ष 2015-16 में कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ. रविन्द्र राय के प्रयासों से मिली थी, पहले भी भाकपा माले द्वारा वन्य कारणों एवं अन्य बहानों का हवाला देकर बाधित किया गया था। वर्षों की देरी के बाद जब वर्तमान सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी एवं बगोदर विधायक श्री नागेन्द्र महतो जी ने अपने अथक प्रयासों से पुनः इस परियोजना को मंजूरी दिलाई, तब कार्य तीव्र गति से शुरू हुआ। लेकिन अब एक बार फिर, भाकपा माले द्वारा क्षेत्र के कुछ रैयतों को बहकाकर मुआवजा प्राप्ति के बावजूद कार्य को रोकने की कोशिश की जा रही है। यह दशार्ता है कि उनका उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ और भाजपा के विकास कार्यों को रोकना है।

भाजपा स्पष्ट रूप से कहना चाहती है कि जनता के हित में कोई भी बाधा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी ऐसे षड्यंत्रकारियों को मुंहतोड़ जवाब देगी और इस ओवरब्रिज का निर्माण हर हाल में पूरा करवाकर रहेगी। जैसा कि 2016 में इसी रेलवे ओवरब्रिज पर षड्यंत्र कर पूर्व सांसद डॉ. रविन्द्र राय जी के आवास घेराव करने की कोसिस भाकपा माले ने किया था लेकिन भाजपा ने मुँहतोड़ जवाब दिया था ।भाजपा अब पीछे हटने वाली नहीं है। यह सिर्फ एक ब्रिज नहीं, बल्कि कोडरमा और सरिया की जनता के विश्वास, अधिकार और भविष्य का प्रतीक है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता पुत्र घायल





**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरुलडीह थाना क्षेत्र के डाटम जंगल में रविवार शाम 4 बजे दो बाइक की टक्कर से पिता पुत्र घायल हो गये है। मिली जानकारी के अनुसार तिरुलडीह थाना क्षेत्र के जारगो गाँव निवासी दीपक मछुआ,उम्र-35 वर्ष अपने पुत्र जीतू मछुआ उम्र-12 वर्ष तथा अपने पत्नी के साथ पुरुलिया जिले के बागमुंडीह थाना क्षेत्र के सुइसा अपने रिस्तेदार घर जा रहा था। उसी समय डाटम जंगल में तिरुलडीह की ओर से जा रही तेज रफ्तार बाइक के चपेट में आ गए जिससे दीपक मछुआ का दांया पैर में और उनके पुत्र को भी चोट लगा है।

### बागबेड़ा की मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**पूर्वी सिंहभूम :** बागबेड़ा नया बस्ती में जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से उप मुखिया मुकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें चार मेधावी छात्राओं—संध्या दास, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी और श्रुति मिश्रा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता थे, जिन्होंने छात्राओं को मेडल, अंग वस्त्र और आकर्षक चित्र भेंट कर प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान सुनील गुप्ता और मुकेश सिंह ने घोषणा की कि बागबेड़ा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में इस प्रकार के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन हो सके।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत रविवार से 30 जून तक लोहरदगा जिला के सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं का यहां के लोगों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। जिले के 66 पंचायतो में से 63 पंचायत जनजातीय बहुल हैं। इस अभियान के तहत देश के आकांक्षी जिलों में 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गांवों को आच्छादित किया जाना है। उपायुक्त ने समाहरणालय प्रांगण से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया। उपायुक्त रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कुल 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। इसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित अन्य शमिल है। जनजातीय क्षेत्रों और समूहों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत लोहरदगा जिले में कुल 205 गांवों को पंचायतवार चिन्हित किया गया है। इस योजना के तहत पचास प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले गांव को लिया गया है। इसका लक्ष्य जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत इन गांवों में इस दौरान प्रखंडवार विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में नए आधार कार्ड एवं आधार कार्ड अपडेट, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत (पीएमजेएवाई) कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, पोषण अभियान,टीबी मुक्त भारत मुद्रा योजना, वन धन योजना, पीएम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड मनरेगा के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सभी विकास योजनाओं से जनजातीय समुदाय को जोड़ते हुए उनको इसके प्रति जागरूक करना है,साथ ही इस अभियान के तहत लाभुकों को विकास से संबंधित योजनाओं से प्राथमिकता देकर आच्छादित करना है। जनजातीय कल्याण के लिए कार्य इस अभियान के बाद भी जारी रहेंगी।



## राजस्व संबंधित कार्यों की अपर समाहर्ता ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उन्होंने ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर समाहर्ता ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया।

## देश के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने राज्य सहित अभिभावको का नाम रोशन किया है : राजकुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में बुद्धजीवी मंच द्वारा झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में विभिन्न स्कूलों के कोल्हान, जिला, प्रखंड स्तरीय टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि देश के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने राज्य सहित अभिभावको का नाम रोशन किया है। लक्ष्य निर्धारण के साथ आगे बढ़ने से मंजिल हासिल होगा। सफलता का मुख्य पथ लक्ष्य का निर्धारण हैं। माता पिता हमारे पहले गुरु जिनके लिए जीवन का हर क्षण न्योछावर करना चाहिए। वही शिक्षक दूसरे गुरु जिनका सम्मान जरूरी।सम्मान समाज के हर स्तर के लोगो को देना सीखे। जरूरत के आधार पर मोबाइल का उपयोग करें। सभी समाज को शिक्षित होने की जरूरत है। शिक्षा अर्जन में किसी भी छात्र को आर्थिक समस्या बाधा नहीं बनेगी। सम्मान समारोह में सभी टॉपर्स और उनके अभिभावकों को मंच के द्वारा उपहार देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पूर्व पार्षद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रदीप बेसरा, कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार,पटमदा थाना प्रभारी करम पाल भगत, सेवानिवृत शिक्षक गिरजा प्रसाद मिश्रा, शरत सिंह सरदार,जगदीश मंडल,पूर्व प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन,प्राचार्य अरुण महतो,सहित बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष गोपाल कुमार, कल्याण गोराई विजय मंडल, ईशान सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पूरनचंद फाउंडेशन द्वारा सिरका विकास विद्यालय में "पूरन की पाठशाला" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** पूरनचंद फाउंडेशन की टीम द्वारा "पूरन की पाठशाला" कार्यक्रम का आयोजन सिरका विकास विद्यालय, सिरका पंचायत, अंगड़ा प्रखंड में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता असिस्टेंट प्रोफेसर संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार और पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभिजीत कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को सम्मानस्वरूप उपहार भेंट किए तथा मुखिया रोशनलाल मुंडा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन दिया गया तथा "पूरन की पाठशाला" की ओर से भविष्य की योजना निर्माण हेतु उपयोगी जानकारी साझा की गई। इसके साथ-साथ गणित ओलंपियाड, थीम आधारित ड्रॉइंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता और राइटिंग प्रतियोगिता जैसी विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। कक्षा 5 से नीचे के विद्यार्थियों के लिए "एक दिन देश के नाम" विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे बच्चों में प्रारंभ से ही देशभक्ति की भावना का विकास हो सके। सबसे छोटे बच्चों को पेंसिल, कॉपियाँ और किताबें वितरित की गईं। अभिजीत कुमार ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास अत्यंत आवश्यक है। वे पढ़ाई तो करते हैं, परंतु मार्गदर्शन के अभाव में सही दिशा तय नहीं कर पाते। पूरनचंद फाउंडेशन का उद्देश्य है बच्चों को समय पर सही दिशा प्रदान करना। छोटे बच्चों के लिए हम गणित एवं विज्ञान ओलंपियाड के अलावा खेल, कला और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियाँ भी नियमित रूप से कराते हैं।

## रामगढ़ कॉलेज में शुरू हो कुड़माली भाषा की स्नातक स्तर की पढ़ाई : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ममता देवी ने आज विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलसचिव को पत्र लिखकर रामगढ़ महाविद्यालय में कुड़माली विषय की यूजी ऑनर्स एवं जनरल स्तर पर पढ़ाई सत्र 2025-2029 से प्रारंभ किए जाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 में ही कुड़माली भाषा को रामगढ़ कॉलेज में प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी, लेकिन आज तक इस पर अमल नहीं हो पाया है। इस कारण रामगढ़ जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को रांची, सिल्ली या चास जैसे स्थानों पर जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि विद्यार्थियों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। विधायक ममता देवी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है कि पूर्व में दिए गए आदेश को प्रभावी रूप देते हुए आगामी सत्र से कुड़माली भाषा की पढ़ाई शुरू कराई जाए, ताकि स्थानीय छात्रों को उनके क्षेत्रीय भाषा में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके। विधायक महोदया ने कहा कि कुड़माली हमारी सांस्कृतिक और भाषाई विरासत का गौरव है। इस भाषा को उच्च शिक्षा में स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

## भाजपा नगर परिषद मंडल ने संकल्प सभा का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** मोदी सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर आज भाजपा नगर परिषद मण्डल ने भाजपा जिला कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष मनोज गिरि की अध्यक्षता में संध्या 5 बजे संकल्प सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष व मुख्य वक्ता रंजीत कुमार सिन्हा और प्रभारी राजीव पामदत्त विशेष रूप से उपस्थित थे। सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकास कार्यों से अवगत कराया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा वन्दे मातरम गीत गा कर संकल्प सभा का शुभारंभ किया गया। मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि, जिला अध्यक्ष और मंचासिन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। आज हम सब यह संकल्प लेते हैं कि हम एक नए, आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कांग्रेस शासन काल के भयावह समय को याद दिलाया कि कांग्रेस की नीति रही है आतंकियों को बचाओ भारत को समझाओ। आज मोदी सरकार में भारत केवल सुनता नहीं है, जवाब देता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने साकार हो रहे हैं। पीएम जन धन योजना, पीएम स्वच्छ भारत अभियान,उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल जल योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि आयुष्मान भारत योजना, सौभाग्य योजना ने भारत को गरीबी रेखा से उबड़ा है, जिसकी प्रशंसा वर्ल्ड बैंक की हालिया रिपोर्ट से स्पष्ट होता है । आज हम तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति सम्पन्न देश बनने की राह में है। आज नरेंद्र मोदी की गारंटी का अर्थ भारत की सुरक्षा, स्वाभिमान और सशक्तिकरण की गारंटी है। उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में आर्थिक, सामरिक और सामाजिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति के उत्थान हेतु चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं ने देशवासियों में नया आत्मविश्वास और आशा का संचार किया है। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश मण्डल अध्यक्ष मनोज गिरि द्वारा किया गया। संकल्प सभा में जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, कमलेश बेदिया, राजेन्द्र यादव, त्रिभूवन महतो, मण्डल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्री शक्ति केन्द्र के संयोजक सह संयोजक सहित अपेक्षित कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### सारुबेड़ा कुंदरीया बांध सरना स्थल समीप पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन



**कुजू :** रामगढ़ नयामोड़ से घाटो मुख्य मार्ग सारूबेड़ा सरना स्थल के पास सरना इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन दर्जा प्राप्त मंत्री सह समन्वय समिति सदस्य झारखंड सरकार फागू बेसरा ने विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व राजू पाहन द्वारा प्रोपराइटर सोनाराम हेंब्रम, सोनाराम टुडू और बाल गोविंद किस्कू के हाथों सरना रीति रिवाज से पूजा अर्चना कराई गई। उद्घाटन में पहुंचे मुख्य अतिथि फागू बेसरा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरना फ्यूल पेट्रोल पंप खुलने से आदिवासी समाज के युवाओं को रोजगार मुहैया होगा। पेट्रोल पंप के समीप और भी दुकाने खुलेंगे जिससे क्षेत्र में रौनक बढ़ेगा।

### श्रद्धा, समान और कृतज्ञता का क्षण है विदाई सह स्वागत समारोह : जोसिमा खाखा



**सिमडेग :** पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा चर्च परिसर में स्थानांतरित हुए दो पुरोहितों का विदाई समारोह सह नव पदस्थापित पुरोहित व धर्मबहनों का स्वागत समारोह हुआ। स्वागत समारोह में मुख्य रुप से जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए डिकन फा सुधीर लकड़ा एवं सहायक पल्ली पुरोहित फा प्रदीप टो?पो को विदाई दी गई। जबकि नप पदस्थापित पुरोहित फा अलेक्स किंडो, सिस्टर अंजली, सिस्टर रोशलिन किड़ो का स्वागत किया गया ।कार्यक्रम के दौरान जोसिमा खाखा सहित अन्य लोगों का स्वागत करते उन्हें उपहार दिया गया। साथ ही सभी सुखद जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। जोसिमा ने स्थानांतरित हुए धर्मगुरुओं के कार्यकाल पर प्रकाश डाला ।साथ ही सभी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक साथ विदाई और स्वागत समारोह का यह पल श्रद्धा, समान और कृतज्ञता का क्षण है। विदा हो रहे दोनों धर्मगुरु हमारे गांव, समाज को जिस मार्गदशन, सेवा और आशीर्वाद से नवाजा है वह अविस्मरणीय है। दोनों पुरोहितों ने धर्म का प्रचार करने के साथ साथ प्रेम, करुणा और मानवता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम को पल?ली पुरोहित फा सिलबानुस केरकेट्टा ने भी संबोधित किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रदर अमृत सोरेंग, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, निलिमा मिंज, किशोर मिंज, ममता, समीर किंडो, जोन कुल?लू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुरी ओपी पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया



**सिल्ली :** मुरी ओपी पुलिस के द्वारा शनिवार की रात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत टुंगरी पार्क के समीप थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस,ट्रिपल लोडिंग एवं वाहन के वैध कागजात की जांच की गई, जांच के क्रम में कमी पाए जाने पर कई वाहनों को जुमार्ना हेतु जिला परिवहन कार्यालय रांची भेजा गया। अभियान के दरमियान थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना एवं क्षेत्र में दुर्घटना को कम करने के लिए चलाया गया एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना मुख्य लक्ष्य है। आगे बताया कि जांच अभियान नियमित रूप से स्थान बदलते हुए जारी रहेगा ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल कायम रह सके साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया कि वह सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का निश्चित रूप से पालन करें।

### ग्राम देवता का पूजा कर मांगी गयी मनोकामना



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जेष्ठ संक्रांति के अवसर पर राजो पर्व धुमधाम से मनाया गया ।राजो पर्व में गांव में ग्राम देवता का पूजा किया जाता है ओर अच्छी बारिश और अच्छी फसल होने की कामना की जाती है। वही कुरमाडीह निवासी किसान रंजीत सिंह मुंडा ने बताया कि राजो पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष गांव में चंदा इकट्ठा करके भेड़ा,बकरा,मुर्गा आदि का गराम थान में बलि किया जाता है ओर क्षेत्र में अच्छी फसल ओर अच्छी बारिश होने की मनोकामना की जाती है ताकि किसान अपना अच्छी फसल उगाई कर सके,वही किसान रंजीत सिंह मुंडा ने बताया कि पूर्वोंजों से चली आ रही परम्परा को हम सभी बचाए रखे है और आगे भी रखेंगे,राजो पर्व के बाद ही कृषि की कार्य का शुरूवात किया जाता है,खेत में धान की बुआई की जाती है और घर से खेत में गबर डाला जाता है ताकि अच्छी खेती हो पाए।

## सोशल मीडिया बच्चों को हिंसक एवं बीमार बना रहा है

सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है। अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है।

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था। दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि एक थकाऊ काम बन गया है। मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं। यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है।

टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में खासकर महानगरों और शहरी इलाकों में सोशल मीडिया का बच्चों में प्रचलन अधिक बढ़ रहा है। पढ़ने को मनोरंजन एवं ज्ञान का हिस्सा मानने की बजाय ह्यगंभीर पढ़ाईह्ल से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नई पीढ़ी के अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को कहानी सुनाना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। शहरीकरण एवं पारिवारिक संरचना में बदलते स्वरूप से पिछले दस सालों में बड़े बदलाव हुए हैं, संयुक्त परिवार की जगह अब एकल परिवार हैं, जहां दादी-नानी जैसे कहानी सुनाने वाले सदस्य मौजूद नहीं है। समय की कमी, कामकाजी जीवन की व्यस्तता और थकान के कारण माता-पिता के पास बच्चों को कहानी सुनाने का समय नहीं बचता। नई पीढ़ी के माता-पिता खुद ही पढ़ने की आदत से दूर हो चुके हैं, जिससे बच्चों को प्रेरणा नहीं मिलती। स्कूल का होमवर्क भी इसमें बड़ी बाधा है। रिपोर्ट के आंकडों के अनुसार 41 प्रतिशत माता-पिता ही रोज अपने चार साल तक के बच्चों को कहानी सुनाते हैं। जबकि 2012 में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत था।

### सूडोकु नवताल- 7462

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7461 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# खेत-किसान : गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने-कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हालांकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल, अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी विडम्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है।

इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज औने-औने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आढ़तिये को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देश में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हालांकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितैषी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए।

कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राशि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इस तरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढ़ेगी और इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रबी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को बतौर प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाना चाहिए ताकि एक दूसरे के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवाचारी किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा।

# नतीज-ए-जिहाद : जैसा इराक में देखा

तनवीर जाफरी

इराक के बगदाद,नजफ ,बेबीलोन,करबला, मौसूल व सामरा जैसे कई ऐतिहासिक शहरों का भ्रमण करने का पिछले दिनों सौभाग्य प्राप्त हुआ। यही वह इराक था जहाँ आई एस आई एस जैसे दुर्दांत आतंकी संगठन ने लाखों शियाओं ,यजीदी व ईसाई समुदाय के लोगों तथा उनकी विचारधारा का समर्थन नहीं करने वाले स्थानीय उदारवादी सुन्नियों को निशाना बनाया और बेरहमी से हत्याएं कीं। हाथों में काले रंग का इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर इन्हीं राक्षसों ने यजीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं और बच्चों का अपहरण किया उनसे यौन दासता कराई और जबरन सैन्य भर्ती के लिए उन्हें अपना निशाना बनाया। 2014 से 2019-20 के मध्य का यह वही दौर था जबकि आई एस आई एस द्वारा अपहृत लोगों को एक लाइन से खड़ा कर गोली मारने या तलवार से उनके सिर कलम करने जैसी भयावह वीडिओ दुनिया को भयभीत करने के लिये सार्वजनिक की जाती थी और इस्लाम को क्रूरता के पर्याय के रूप में साजिशन पेश किया जाता था।

आई एस आई एस अर्थात इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया का मकसद इराक और सीरिया में सख़्त शरिया कानूनों पर आधारित एक इस्लामिक खलीफा स्थापित करना था। इराकी आतंकवादी अबू बक्र अल-बगदादी इस्लामिक स्टेट (आईएस) का संस्थापक नेता था। उसने 2014 में स्वयं को खलीफा घोषित किया था। इसका लक्ष्य इराक और सीरिया में बड़े क्षेत्रों पर कब्जा कर वहां अपनी कट्टरपंथी विचारधारा के आधार पर शासन स्थापित करना था। उस दौरान आई एस आई एस ने उन समुदायों को निशाना बनाया, जिन्हें वे काफिर या अपवित्र मानते थे। उन्होंने इसका उद्देश्य क्षेत्र को शुद्ध करना बताया था, जिसमें शिया मुसलमानों, यजीदी, ईसाई, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शामिल था। दरअसल आई एस आई एस ने अल-कायदा से अलग होकर वैश्विक जिहादी आंदोलन में नेतृत्व हासिल करने की कोशिश की थी । उसने विदेशी लड़ाकों को भर्ती किया और अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए प्रचार तंत्र का उपयोग किया। आई एस ने इराक और सीरिया में उस समय के सांप्रदायिक तनावों और तत्कालीन कमजोर शासन का फायदा उठाया, विशेष रूप से अल्पसंख्यक सुन्नी समुदाय की उन शिकायतों व समस्याओं को भुनाया जो शिया-प्रधान सरकारों से नाखुश थे।



आई एस की क्रूरता से भरे उस दौर में आने वाले वीडिओज पूरे विश्व में इस्लाम की छवि को धूमिल कर रहे थे। और सशस्त्र आई एस बगदाद पर लगभग पूर्ण नियंत्रण हासिल कर चुकने के बाद सामरा व मोसूल जैसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों पर कब्जा जमाते हुये भारी बमबारी व हत्याएं करते हुये करबला और नजफ पर अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा चुका था। इसी बीच शिया इस्लाम के प्रमुख धार्मिक विद्वानों में से एक आयतुल्लाह अली अल-सीस्तानी, जोकि उस समय इराक के नजफ में ही रहते थे, ने 2014 में आई एस के विरुद्ध 'जिहाद' शुरू करने का फतवा जारी कर दिया। इस फतवे में आयतुल्लाह सीस्तानी ने सभी इराकी नागरिकों, विशेष रूप से शिया समुदाय, से आई एस के विरुद्ध हथियार उठाने और देश की रक्षा करने का आह्वान किया। आयतुल्लाह ने सुन्नी समुदाय को भी इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे ₹वाजिब किफायी₹ (सामूहिक कर्तव्य) जिहाद के रूप में वर्णित किया। जिसका अर्थ था कि यह हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह देश और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तब तक लड़े, जब तक कि पर्याप्त संख्या में लोग इस कर्तव्य को पूरा न करें। आयतुल्लाह सीस्तानी ने अपने फतवे में कहा कि आई एस के विरुद्ध लड़ना न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि इराक की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी यह नितांत आवश्यक है। उन्होंने जिहादी स्वयंसेवकों से इराकी सुरक्षा बलों में शामिल होने और आतंकवादियों के खिलाफ लड़ने का आग्रह किया।

आई एस के विरुद्ध जिहाद के इस फतवे के परिणामस्वरूप लाखों इराकी , विशेष रूप से शिया युवा स्वयंसेवक के रूप में सामने आए और पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज पी एम एफ या हशद अल-शाबी का गठन हुआ। पी एम एफ ने इराकी सेना के साथ मिलकर आई एस के विरुद्ध तिकरित, फलूजा, और मोसुल की मुक्ति कराने जैसी कई महत्वपूर्ण लड़ाइयों में हिस्सा लिया। आयतुल्लाह सीस्तानी ने पी एम एफ और अन्य लड़ाकों को यह निर्देश दिया कि वे युद्ध के दौरान क्रूरता या बदले की भावना से काम न करें, बल्कि इस्लामी नैतिकता और कानून का पालन करें। आयतुल्लाह सीस्तानी का जिहाद का आह्वान रक्षात्मक प्रकृति का था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जिहाद आक्रामक नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और धार्मिक स्थलों, जैसे नजफ और करबला में पवित्र रौजों की रक्षा के लिए था। उन्होंने यह भी जोर दिया कि लड़ाई में शामिल लोगों को मानवाधिकारों और युद्ध के इस्लामी नैतिक नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे कि किसी गैर-लड़ाकों को नुकसान न पहुंचाया जाये। इस दौरान सीस्तानी ने अपने संदेशों में बार-बार शिया-सुन्नी एकता पर बल दिया और कहा कि आई एस न केवल शिया समुदाय, बल्कि सभी इराकियों और मानवता व इस्लाम के लिए खतरा है। आई एस ने 2014-15 में इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में यजीदी, ईसाई, और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की हजारों महिलाओं और लड़कियों को भी अगवा किया था। खासकर अगस्त 2014 में सिंजार पर हमले के दौरान लगभग 7,000 यजीदी महिलाओं और लड़कियों को बंधक बनाया गया था। इनमें से कई को ₹सेक्स स्लेव₹ के रूप में बेचा गया अनेक को सामूहिक बलात्कार का शिकार बनाया गया व क्रूर यातनाएं दी गईं। इस दौरान पी एम एफ द्वारा कई यजीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं को आई एस की कैद से छुड़ाया गया। पी एम एफ ने मोसुल के आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेष रूप से तल अफार जैसे क्षेत्रों में, जहां यजीदी महिलाओं को कैद में रखा गया था। पी एम एफ ने तिकरित, फालुजा, और रामादी जैसे शहरों में भी आई एस के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए। इन अभियानों के दौरान भी बंधक बनाई गई महिलाओं को मुक्त कराया गया। हालांकि यजीदी समुदाय की अधिकांश महिलाएं सीरिया के रक्का जैसे क्षेत्रों में ले जाई गई थीं, जहां उनकी मुक्ति के लिए अलग-अलग प्रयास किए गए। आई एस ने महिलाओं को गुलाम बाजारों में बेचा, और कई को सीरिया के रक्का और अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया।

# साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि

हृदयनारायण दीक्षित

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है।

खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। दि प्रॉफेट नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बी० आर० आम्बेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी हरिजन और यंग इण्डिया में नियमित लिखते थे। डा. आम्बेडकर का अपना अखबार मूकनायक था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया मैनकाइंड में लिखते थे। उनकी लिखी भारत माता, धरती माता, इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स और इतिहास चक्र जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय ऑर्गनाइजर में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे।

असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का मन है।

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन (पृष्ठ 216) में लिखा है, आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ। आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं। प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल तत्वज्ञान से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है। साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहाँ विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहाँ बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है। जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूँ। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूँ जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं।

## दैनिक पंचांग

16 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.14 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 07.28 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.44 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.06 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.21 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.29 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन | 00.02 बजे से |
| | | मेष | 01.32 बजे से |
| | | वृष | 03.12 बजे से |

सोमवार 2025 वर्ष का 167 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
पक्ष कृष्ण
तिथि पंचमी 15.32 बजे को समाप्त।
नक्षत्र धनिष्ठा 01.14 बजे रात्र को समाप्त।
योग वैधृति 11.07 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 15.32 बजे तदनन्तर गर 03.13 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 19.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 21'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872377
जूलियन दिन 2460842.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना जिल्हेज तारीख 19

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# झारखंड में एआई तकनीक से होगी हाथियों की सुरक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम :** पश्चिम सिंहभूम जिला में झारखंड में पहली बार रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने 'एलीसेंस लाइव' नामक एआई सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर लागू किया है, जो हाथियों की उपस्थिति का तुरंत पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट करेगा। इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा चिड़ियाघर से दो प्रशिक्षित हाथियों को लाकर सिस्टम को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस नवाचार का उद्देश्य हाथियों को ट्रेनों की टक्कर से बचाना है। जब कोई हाथी या बड़ा जानवर रेलवे ट्रैक के पास आता है, तो यह एआई प्रणाली तुरंत वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करती है। यह सिस्टम न केवल जानवरों की संख्या और दिशा बताने में सक्षम है, बल्कि उनके मूवमेंट की वास्तविक समय में निगरानी भी करता है। प्रशिक्षित हाथियों की मदद से एआई सिस्टम को हाथियों की गतिविधियों की पहचान और व्यवहार समझने में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन हाथियों को रेलवे ट्रैक के समीप चलाया जाता है ताकि सिस्टम उन्हें अलग-अलग स्थितियों में पहचानना सीख सके। यह तकनीक विशेष रूप से हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग के जराईकेला-महादेवशाल, धुतरा-बागडीह, मानीकुई-चांडिल और कुनकी-चांडिल जैसे संवेदनशील ट्रैक हिस्सों पर लगाई गई है। इन क्षेत्रों में ट्रेनों की गति अधिक होने के कारण वन्यजीवों के साथ टकराव की घटनाएं अक्सर होती रही हैं। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दो हाथियों को गुजरात के जाम नगर से लाए गए हैं।उनको ट्रेनिंग दी जाएगी। इस योजना की प्रेरणा पिछले वर्ष की एक दर्दनाक घटना से मिली, जब चक्रधरपुर मंडल के बंडामुंडा ए केबिन के पास एक हाथी के बच्चे की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद रेलवे ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तकनीकी समाधान अपनाने का निर्णय लिया। करीब 20 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से आने वाले समय में हाथियों की जान बचाने और मानवीय-संवेदनशील रेल संचालन सुनिश्चित करने की बड़ी उम्मीदें जुड़ी हैं।



## एक नजर

### दो हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से शोभनपुर दियारा से रविवार को हत्या के आरोप में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में प्रभारी थाना प्रभारी ददन कुमार साह ने बताया कि वर्ष 2022 में नुरुलहुदा के हत्या मामले में सैजुल एवं नबीतुल्लाह को आरोपी बनाया गया था जो लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर शोभनपुर गांव के पास खेत पर खदेड़कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बागबेड़ा की मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**पूर्वी सिंहभूम:** बागबेड़ा नया बस्ती में जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से उप मुखिया मुकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें चार मेधावी छात्राओं—संध्या दास, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी और श्रुति मिश्रा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता थे, जिन्होंने छात्राओं को मेडल, अंग वस्त्र और आकर्षक चित्र भेंट कर प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान सुनील गुप्ता और मुकेश सिंह ने घोषणा की कि बागबेड़ा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में इस प्रकार के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### स्लम बस्तियों में पुस्तक पढ़ने की संस्कृति को जगा रही है संस्कृति फाउंडेशन

**पूर्वी सिंहभूम:** समाज में पुस्तक पढ़ने की घटती आदत के प्रति चिंता जताते हुए संस्कृति सोशल वेलफेयर फाउंडेशन बीते चार वर्षों से लगातार निशुल्क पुस्तक वितरण अभियान चला रही है। इसी कड़ी में रविवार को सीतारामडेरा स्थित स्लैग बस्ती में करीब 200 बच्चों के बीच स्टोरी बुक का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष सह संस्थापक मुनमुन चक्रवर्ती ने बताया कि वर्तमान समय में बच्चों का रुझान मोबाइल और डिजिटल मीडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उनके अध्ययन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत को दोबारा जगाने और साहित्य से जोड़ने के लिए संस्था ने यह पहल की है।

## पौधारोपण में पाकुड़ जिला राज्य में अव्वल



- प्रोजेक्ट परख एवं प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत विद्यालय में पौधारोपण का कार्य लगातार जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एवं प्रोजेक्ट प्रकृति के तहत पाकुड़ जिले में पौधारोपण का कार्य लगातार जारी है। ज्ञात हो कि जून तक पाकुड़ जिले में 30 हजार से अधिक पौधे पाकुड़ जिले में प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत लगाये जा चुके हैं। इस मामले में पाकुड़ जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। अबतक 30 हजार से अधिक लोगों ने पौधारोपण कर उसके फोटो एप पर अपलोड कर दिए हैं। प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत पूरे जिले में 3 महीने के अंदर 1 लाख पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही वहीं उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारियों, प्रतिनिधियों एवं समस्त जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को कम से कम दो पौधा लगाने हेतु अपील किया।

## जिला विधिक सेवाएं-सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो-कान्हो सभागार, साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवाएं-सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार, उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के द्वारा संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं-सह-मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए। आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। आपको यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है। आप अपने अधिकारों को समझे इसके प्रति जागरूक हो और किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए। विधिक सशक्तिकरण का मेगा शिविर आज पूरे साहेबगंज जिला में हर प्रखण्ड में आयोजित किया जा रहा है।

## एसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की। मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। जहां किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। जहां बैकअप प्लान तैयार करने, नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें और गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। हत्याकांड, चोरी और अन्य अपराधिक मामले की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजा जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। वहीं साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, थाना दिवस में जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर सदर डीएसपी किशोर कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।



## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविवार विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के अवसर पर गंगा विहार स्थित स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने कहा कि बुजुर्ग हमारे अस्तित्व हैं। इनके नाम से ही आज हमारा नाम है। इनके होने से ही हमारा सब कुछ है। यदि यह नहीं होते तो हम भी नहीं होते। हमें वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। उनके अनुभवों को आत्मसात कर लाभान्वित होना चाहिए। उन्होंने वृद्ध आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो हमारी प्राचीन सभ्यता थी, उसका ह्रास होते जा रहा है। समाज में वृद्धों की उपेक्षा बहुत ही निंदनीय है। हमें वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर विचार किया गया। सभी वरिष्ठ नागरिकों की ठीक से देखभाल करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में चीफ लीगल एड कौंसिल अरविन्द गोयल व उनकी टीम, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी और अन्य मौजूद थे।



## एकल ग्राम जलापूर्ति योजना के तहत अमड़ापाड़ा प्रखंड जलापूर्ति की हुई समीक्षा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक अभियंता अमड़ापाड़ा द्वारा जानकारी दी गई वर्तमान में कुल 540 योजना के विरुद्ध 212 योजनाओं को पूर्ण करते हुए जलापूर्ति की जा रही है। शेष योजनाओं में से कुछ कार्य एजेंसी के द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। उक्त के आलोक में एजेंसी को ब्लैक लिस्ट सूची में डालने हेतु विभाग को जानकारी दी गई है। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया की अमड़ापाड़ा प्रखंड के सम्पूर्ण आच्छादन हेतु सभी एजेंसी के बैठक बुलाई जाय जिसपर आगे की रणनीति तय करते हुए जलापूर्ति प्रारंभ की जाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## मल्टीपर्पस भवन 'प्रगति केंद्र' एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण का किया गया भूमि पूजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रोजेक्ट एस आई पी अंतर्गत मल्टीपर्पस भवन 'प्रगति केंद्र सम्मान से समृद्धि तक का सफर' का निर्माण दो चरणों में कराने का निर्णय लिया गया है। रविवार को प्रथम चरण के तहत जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रखंड के पाँच ग्राम पंचायतों में मल्टीपर्पस भवन 'प्रगति केंद्र, सम्मान से समृद्धि तक का सफर' एवं शौचालय निर्माण (डी०एम०एफ०टी० एवं पंचायत समिति मद से) का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम अन्तर्गत अमड़ापाड़ा प्रखंड में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर, बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता व जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में भूमि पूजन कर बहुद्देशीय भवन का नींव रखा। ज्ञात हो कि इस बहुद्देशीय भवन तथा सामुदायिक शौचालय निर्माण की अवधि 1 जून से 30 जुलाई, 2025 तक निर्धारित की गई है। इस भवन के निर्माण होने से ग्रामीण लाभान्वित होंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### मोटरसाइकिल हादसे में चालक की मौत दूसरा घायल



**साहिबगंज :** बोरियो बरहेट मुख्य पथ के तेलो के पास गड्ढे में मोटरसाइकिल का संतुलन खो देने से दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक की मौके पर मौत हो गई, और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात्रि की है। मिली जानकारी के अनुसार बोआरीजोर थाना अंतर्गत मंगड़ा गांव का चांदू मरांडी 23 वर्षीय एवं पीपरजोरिया (गोड्डा) के राजेश हांसदा शादी घर बरहेट से अपने घर वापस लौट रहे थे। जहां बोरियो बरहेट के तेलो के पास गड्ढे में मोटरसाइकिल का संतुलन खो देने एवं पेड़ से टकरा जाने के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार चांदू मरांडी की मौत हो गई। मोटरसाइकिल के पीछे बैठा हुआ राजेश हांसदा घायल हो गया। वही राहगीरों ने घटना की सूचना बोरियों थाना पुलिस को दिया, सूचना मिलते ही मौके पर घटनास्थल पहुंचकर एएसआई सुधीर कुमार तिवारी ने दोनों को सीएचसी में लाए। जहां चिकित्सक डॉ पंकज कुमार गुप्ता ने मोटरसाइकिल चालक चांदू मरांडी को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। सदर अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम होने के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक केरल में मजदूरी का काम करता था और तीन दिन पहले ही केरल से अपने गांव आया था। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### धरमपुर गांव को मिला नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष की लहर



**बरहरवा:** प्रखंड के बिशुनपुर पंचायत अंतर्गत धरमपुर गांव में बिजली संकट का समाधान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनवीर आलम के त्वरित हस्तक्षेप से संभव हो पाया। गांव में 63 केवी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण उत्पन्न हुई परेशानी को देखते हुए तनवीर आलम ने महज सात घंटे के भीतर 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करवाकर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रांसफार्मर के जल जाने से धरमपुर गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने तुरंत तनवीर आलम से संपर्क किया। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना किसी विलंब के बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित किया और आवश्यक कार्रवाई हेतु आग्रह किया। तनवीर आलम के अथक प्रयासों और अधिकारियों के साथ समन्वय का परिणाम यह हुआ कि केवल सात घंटे के भीतर गांव में 100 केवी क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जैसे ही बिजली आपूर्ति बहाल हुई, पूरे गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने तनवीर आलम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया और उनके जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अख़्तरूल इस्लाम, परवेज आलम, नफीस आलम, अब्दुल बारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने तनवीर आलम के संवेदनशील और त्वरित पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। धरमपुर गांव में अब नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है और जन-जीवन पुनः सामान्य हो गया है।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी कट्टा जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दिनांक 14 जून 25 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहिबगंज को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नॉर्थ कॉलोनी मालगोदाम पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी घटना कारित करने के उद्देश्य से मौजूद है। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा एक छापामारी दाल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा नॉर्थ कॉलोनी मालगोदाम के पास से एक व्यक्ति प्रकाश कुमार सिन्हा को पकड़ा गया। प्रकाश कुमार सिन्हा के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, जिंदा गोली बरामद किया गया। पुछताछ के क्रम में उसके द्वारा नगर थाना क्षेत्र में हाल में हुए गृहभेदन के मामले में भी अपनी सलिप्ता बतायी। प्रकाश कुमार सिन्हा के पास से दोनों गृहभेदन चोरी किया गया दो मोबाइल फोन, 40,635/-रू० नगद एवं चोरी का समान बेचकर मिले 10,700 रुपए बरामद किए हैं। अवैध हथियार एवं गोली बरामदगी को लेकर नगर थाना कांड संख्या 96/25, दिनांक 14 जून 2025 धारा 25(1 बी) ए/26 आर्म्स एक्ट अंकित कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त का पहले भी कई मामलों में नगर थाना में आपराधिक मामला दर्ज है और जेल जा चुका है।

### डॉ प्रवीण कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरिक्षण



**साहिबगंज:** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार संथालिया साहिबगंज के द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा का आज दिनांक 15 जून 2025 को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रख रखाव योजना अंतर्गत किए गए कार्यों का प्राक्कलन के अनुसार जांच की गई एवं नव निर्मित बीपीएचयू यूनिट का स्थल भी निरीक्षण किया गया, जिसमें अभी तक बीपीएचयू का कार्य शुरू नहीं होने पर संबंधित कार्यपालक अभियंता से फोन कर कार्य शुरू होने की जानकारी ली गई। जिसमें 21 जून को काम शुरू करने की बात कही गई, साथ ही साथ मौके पर उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय चौधरी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मेमोरियल सेंटर ने विशाखापट्टनम में

# उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी

● आईसीआईसीआई बैंक ने शहर में कैंसर देखभाल सुविधा का विस्तार करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को ?550 करोड़ से अधिक की राशि देने की प्रतिबद्धता जताई ● बैंक द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिए गए 1,800 करोड़ के योगदान के तहत, यह ब्लॉक पूर्वी भारत में बाल और रक्त कैंसर के उपचार के लिए सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक होगा

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी में आज विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक नए भवन के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। बैंक ने लगभग 3.9 लाख वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से युक्त भवन के निर्माण के लिए ?550 करोड़ से अधिक की राशि समर्पित की है।

निर्माणाधीन आठ मंज़िला भवन – आईसीआईसीआई फाउंडेशन ब्लॉक फॉर चाइल्ड एंड ब्लड कैंसर – प्रति वर्ष लगभग 3,000 मरीजों का उपचार करेगा। वर्तमान में एचबीसीएचआरसी, विशाखापट्टनम की क्षमता 6,200 मरीजों की है।

यह नया भवन पूर्वी भारत के सबसे बड़े विशेषीकृत कैंसर उपचार केंद्रों में से एक होगा, जिसमें 215 से अधिक बेड होंगे। इसके 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है, जो अनुमोदनों के अधीन है। इस परियोजना का संचालन आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर शाखा, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ द्वारा किया जाएगा।




इस भवन की आधारशिला आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने रखी। इस अवसर पर श्री संदीप बत्रा, कार्यकारी निदेशक, आईसीआईसीआई बैंक; और डॉ. सुदीप गुप्ता, निदेशक, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई भी उपस्थित थे।

श्री सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एन.के. राव ऑडिटोरियम का भी उद्घाटन किया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने नए ऑडिटोरियम के लिए बुनियादी ढांचे और उपकरणों के साथ टीएमसी को सपोर्ट दिया है।


आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा, हमें कैंसर देखभाल के लिए टीएमसी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो देश में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हमारी फिलोसफी के अनुरूप है। यह परियोजना जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को सक्षम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्रोजेक्ट बाल और रक्त कैंसर के लिए पूर्वी गलियारे में सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इसके जरिये आंध्र प्रदेश और आसपास के पूर्वी राज्यों के रोगियों की सेवा की जाएगी, जिससे कैंसर के इलाज की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संदीप बत्रा ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक में, स्वास्थ्य सेवा हमारे सीएसआर प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है। दो वर्ष पूर्व हमने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी कर 1,200 करोड़ की प्रतिबद्धता के साथ विशाखापट्टनम, नवी मुंबई और न्यू चंडीगढ़ में तीन नए कैंसर ब्लॉक्स के निर्माण की घोषणा की थी। टीएमसी की नवीनतम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अब हमने इस प्रतिबद्धता को ?1,800 करोड़ तक बढ़ा दिया है।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

**भोपाल।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 930 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरुआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रुझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़- साड़ियाँ, रेडी-टु-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। त्योहारों की शुरुआत के साथ इस सेल की घोषणा से उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित फैब्रिक से बने प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका मिलेगा, ऐसे में वे तनाएरा के विशेष डिज़ाइनों के साथ-साथ बेजोड़ कीमतों पर खरीददारी का भी अनुभव पा सकेंगे।इस अवसर पर श्री सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, ''हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। इस ऑफर के साथ-साथ हमारे उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं समृद्ध प्रोडक्ट्स तो मिलते ही हैं, जिनके लिए तनाएरा को जाना जाता है। प्रमाणित स्रोतों से खरीदे गए हस्तनिर्मित उत्पादों की व्यापक रेंज तथा हर पीस में शुद्धता एवं गुणवत्ता के वादे के साथ हम अपने समझदार उपभोक्ताओं को सही मायनों में खास अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।'

## अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विडचोको से भरा पॉप लॉन्च किया!

मुंबई, एजेंसी। अल्पेनलिबे एकलेयर्स लंबे समय से घर-घर में पसंदीदा रहा है, जो अपने सिग्नेचर रिच, लिक्विड चोको जैसेसेंटर के लिए जाना जाता है – आनंद की वह पहचान जिसे उपभोक्ता पसंद करते हैं और इसकी उम्मीद करते हैं। इसी प्रतिष्ठित अनुभव को आगे बढ़ाते हुए, अल्पेनलिबे अब अल्पेनलिबे एकलेयर्स पॉप लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें उसी चोको जैसे आनंद को बिल्कुल नए रूप मे पेश किया गया




है। यह चोको जैसेलिक्विड से भरा भारत का पहला लॉलीपॉप है। सिर्फ़ ?5 में, एकलेयर्स पॉप प्रीमियम स्वाद का अनुभव कराता है – जिसका बाहरी हिस्सा परिचित चबाने वाले कैरेमल है, तो वहीं इसके मध्य मे समृद्ध चोको जैसे स्वाद है। यह एक बहुत पसंद किए जाने वाले फॉर्मेट को सुविधाजनक, चलते-फिरते प्रारूप में लाता है। इसे किशोरों और युवा वयस्कों के लिए कभी भी, कहीं भी अपनी लालसा को संतुष्ट करने के लिए तैयार किया गया है। चाहे आप इसे धीरे-धीरे चखें या एक बार में ही चबा जाएं, एक्लेयर्स पॉप रोजाना की स्नैकिंग को शुद्ध चोको जैसे आनंद में बदल देता है। परफ़ेटी वैन मेले इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर गुंजन खेतान ने कहा, अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप के साथ, हमारा उद्देश्य एक बहुत पसंद किए जाने वाले अनुभव को एक नए, सुविधाजनक प्रारूप में विस्तार देना था। हम जानते हैं कि एक्लेयर्स के चोको जैसे सेंटर को कितना पसंद किया जाता है – और यह उत्पाद हर तरह से उस आनंद को आगे बढ़ाता है। किशोर और युवा वयस्क रोजमर्रा के प्रारूपों में भी अधिक समृद्ध, अधिक इमर्सिव ट्रीट की तलाश कर रहे हैं – और एक्लेयर्स पॉप बस यही है। कोई ट्विस्ट नहीं, बल्कि जो वे पहले से ही पसंद किया जाता है, उसी का यह स्वाभाविक विकास है।

## यूएस क्रैनबेरीज़ के साथ बच्चों को गर्मियों में रखें हाइड्रेटेड और हेल्दी

मुंबई, एजेंसी। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है, बच्चों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना हर माता-पिता की प्राथमिकता बन गया है। इस मौसम में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, जो अक्सर बच्चों में अपच, दस्त, पेट फूलना और पेट दर्द जैसी पाचन से जुड़ी तकलीफों का कारण बनती है। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल बताते हैं कि अत्यधिक खेलकूद, पसीना, कम पानी पीना और फाइबर व पोषण से रहित डाइट बच्चों की आंतों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती



है। इन सभी कारणों से आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया—जिसे गट फ्लोरा कहा जाता है—का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे गर्मियों में बच्चों को पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं, वे समझाते हैं।

इस मौसमी चुनौती से निपटने के लिए डॉ. पटेल बच्चों की डेली डाइट में स्क्रैनबेरीज शामिल करने की सलाह देते हैं। स्क्रैनबेरीज में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इनका खट्टा-मीठा स्वाद बच्चों को बेहद पसंद आता है, वे बताते हैं।

## रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया 'ज्ञात' - महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

नई दिल्ली। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज्ञात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीजों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके- क्रिएटिव कनेक्शन्स सेकंड के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते में प्रगति

### विदेश नीति पर जयशंकर ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह टिप्पणी की। जर्मन मार्शल फंड (जीएमएफ) फोरम में फाइनेंशियल टाइम्स के ब्रसेल्स ब्यूरो प्रमुख हेनरी फॉय से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अच्छी प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल के अंत तक यह समझौता पूरा हो जाएगा। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर डाला। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि रक्षा , गतिशिलता, प्रतिभा प्रभाव और शिक्षा जैसे पहलुओं के लिए लाभदायक है।



**यूरोपीय आयोग सदस्यों का भारत दौरा सकारात्मक कदम-** उन्होंने बताया कि जब यूरोपीय आयोग के सदस्य हाल ही में सामूहिक रूप से भारत आए थे, तो यह एक असाधारण और सकारात्मक कदम था। यह हमारे बीच रिश्तों को गहरा करने की मांशा का संकेत है। मुक्त व्यापार समझौता इस संबंध में केंद्र बिंदु है।

**भारत हर परिस्थितियों से निपटने लिए है तैयार-** इस उच्चस्तरीय वार्तालाप सत्र में भारत की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अमेरिका के साथ उसके संबंध पर बात हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत के पास परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटने की क्षमता है। भारत खुद के बारे में सोच सकता है। हम दुनिया से क्या लाभ उठा सकते हैं, इसके आधार पर निर्णय लेने के लिए तैयार हैं।यूरोप के इतिहास और अनुभवों के साथ इसकी तुलना करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और दृष्टिकोण में उभरने वाले किसी भी ट्रांस-अटलांटिक मतभेद से निपटने का आदी है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को उतना ही महत्व देता है, जितना यूरोपीय संघ के साथ देता है। भारत प्रत्येक के साथ उन शर्तों पर व्यवहार करेगा जो दोनों के लिए लाभदायी हो।

# टर्म इंश्योरेंस: समय सीमा से अधिक मायने रखती है सही टाइमिंग

**मुंबई ।** टर्म इंश्योरेंस को आज भी वित्तीय सुरक्षा की सबसे सरल और असरदार नींव माना जाता है। इसमें न बोनस होता है, न निवेश पर रिटर्न–बस एक सीधा और स्पष्ट वादा होता है- अगर पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु होती है, तो उसके परिवार को एकमुश्त राशि मिलेगी। लेकिन अब सवाल सिर्फ यह नहीं रह गया है कि टर्म इंश्योरेंस होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण हो गया है कि इसे कब तक रखा जाए।

इस संदर्भ में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - अल्टेरनेट और इमर्जिंग चैनल्स, जिलानी बाशा ने कहा, आज के उपभोक्ता टर्म इंश्योरेंस को लेकर अधिक जागरूक और विचारशील हैं। वे अब सामान्य दृष्टिकोण से हटकर, अपनी व्यक्तिगत जरूरतों और जिम्मेदारियों के अनुरूप फैसले ले रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि कवरेज की सही अवधि क्या है, क्यों जरूरी है और किस समय सबसे ज्यादा प्रासंगिक है। यह सोच एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है, जहां बीमा अब सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है।

उन्होंने आगे जोड़ा, लोग अब ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो न केवल वर्तमान में प्रासंगिक हों, बल्कि भविष्य के जोखिमों से भी सुरक्षा दें। बीमाकर्ता के रूप में हमारी भूमिका अब केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सही जानकारी और मार्गदर्शन देना भी उतना ही जरूरी है।

टर्म इंश्योरेंस का मूल्य इसकी लाइफटाइम कवरेज में नहीं, बल्कि उस समयबद्ध सुरक्षा में है जब परिवार को आपकी आमदनी पर सबसे ज्यादा निर्भरता होती है। सोच-समझकर किया गया चुनाव ही इसे एक स्मार्ट वित्तीय योजना बनाता है।

एयर इंडिया हादसे के बाद

# बीमा कंपनियों को चुकानी होगी मोटी रकम, बन सकता है नया रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे से बीमा कंपनियों पर बड़ा असर पड़ेगा। यह भारत में अब तक का सबसे महंगा एविएशन इंश्योरेंस क्लेम हो सकता है। जानकारों का कहना है कि बीमा कंपनियों को 120 मिलियन डॉलर (करीब 1000 करोड़ रुपये) से ज्यादा का भुगतान करना पड़ सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस भुगतान में विमान की कीमत का नुकसान लगभग 80 मिलियन डॉलर हो सकता है। विमान की कीमत को हल लॉस कहा जाता है। यात्रियों को मुआवजा देने में 30 से 50 मिलियन डॉलर और लग सकते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यात्रियों से जुड़े दावे 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो सकते हैं। क्योंकि विमान में कई अमीर लोग सवार थे। इसलिए मुआवजे की राशि बढ़ सकती है।

### किन कंपनियों का बीमा?

टाटा एआईजी इस बीमा पॉलिसी की मुख्य कंपनी थी। न्यू इंडिया एश्योरेंस जैसी अन्य कंपनियों ने भी इसमें हिस्सा लिया था। इस विमान का बीमा लंदन के बाजार में करवाया गया था। इसे ग्लोबल रीइंश्योरेंस प्रोग्राम कहते हैं। इसमें ज्यादातर जोखिम विदेशी बीमा कंपनियों को दिया जाता है। भारत की बीमा कंपनियों जैसे टाटा एआईजी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया, ओरिएंटल और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल ने 10 प्रतिशत से भी कम जोखिम रखा है। सरकारी रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी रे के पास रीइंश्योरेंस पर 5 प्रतिशत हिस्सा है।




**अब तक का सबसे बड़ा क्लेम-** एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स के एविएशन बिजनेस हेड सौरव बिस्वास ने कहा कि यह किसी भारतीय एयरलाइन से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा दावा होगा।

पहले भारत में विमान हादसे कम ही हुए हैं। साल 2010 में दुबई से आ रहा एक बोइंग 737 विमान मंगलौर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 158 लोगों की जान चली गई थी। वहीं साल 2020 में कोझीकोड में हुए एक और हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। बीमा उद्योग के जानकारों के अनुसार, इन दोनों घटनाओं में बीमा कंपनियों ने लगभग 60-70 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।

### प्रति यात्री कितना मुआवजा?

टाटा एआईजी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया के मुख्य बीमाकर्ता होने के नाते, कंपनी स्थिति पर नजर रख रही है। एक बीमा अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की देनदारी की सीमा 1.5 बिलियन डॉलर तक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक यात्री के लिए शारीरिक चोट या मृत्यु होने पर लगभग 250,000 डॉलर का मुआवजा दिया जा सकता है।

### क्या कहा जानकारों ने?

जीआईसी रे के सीएमडी रामस्वामी नारायणन ने कहा कि इस घटना से विमान के पूरी तरह से नष्ट होने और लोगों की मृत्यु होने के कारण कई दावे किए जाएंगे। ऐसे नुकसान का असर कई रीइंश्योरेंस कंपनियों पर पड़ता है। क्योंकि विमान बेड़े की नीतियों को अक्सर कई कंपनियों के साथ बांटा जाता है। हालांकि नुकसान की वजह से बीमा की कीमतों पर क्या असर होगा, यह अभी कहना मुश्किल है।

## अविका गौर और उनके मंगेतर मिलिंद ने कलर्स के नए रियलिटी शो के लिए कहा 'हां!'

मुंबई, एजेंसी। क्या आपको बालिका वधू की छोटी आनंदी याद है – वह बाल वधू जिसने उस समय हमारा दिल चुरा लिया था? अब वही अविका गौर पूरी तरह से बड़ी हो चुकी हैं और प्यार में सिर से पांव तक डूबी हुई हैं! टेलीविजन की यह चहेती कलाकार अब उस चैनल पर वापसी कर रही हैं जिसने उन्हें घर-घर का नाम बना दिया था—कलर्स। लेकिन इस बार, वह अकेली नहीं आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ हैं उनके मंगेतर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद चंदवानी।

यह प्यारा जोड़ा कलर्स के बिल्कुल नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आने वाला है—एक ऐसा शो जो प्यार, हंसी और रिश्तों की जादुई उलझनों का खूबसूरत उत्सव है। अभी हाल ही में जब अविका ने अपने लंबे समय से साथी मिलिंद के साथ रोका सेरेमनी की ड्रीमी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, तो इंटरनेट पर जैसे भावनाओं की बाढ़ आ गई। फैन्स ने ऑ कहकर अपना प्यार जताया और अब समझ में आता है क्यों—वह तो बस एक झलक थी, असली कहानी अब सामने आ रही है। 'पति पत्नी और पंगा' उन छोटे-छोटे लम्हों को उजागर करेगा जो किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाते हैं—एक साथ की गई कोशिशें, साझा की गई मुस्कानें, रोजाना की छोटी-छोटी जीतें।

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कांतार के साथ मिलकर किए अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी किए

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा। एक्सिस मैक्स लाइफ में हमारा मानना है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो गया है कि एक ऐसा समावेशी फाइनेंशियल इकोसिस्टम बनाया जाए, जो सहानुभूति पर आधारित हो और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप हो।'

**एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदायः इच्छा के बावजूद फाइनेंशियल प्रोटेक्शन में कमी-** एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट स्कोर 35 (0 से 100 के पैमाने पर) रहा है। यह डिजिटल रूप से सतर्क शहरी भारतीयों के 56 के औसत से बहुत कम है, जो इस वर्ग की वित्तीय अनिश्चितता की तस्वीर दिखाता है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का नॉलेज इंडेक्स स्कोर भी 61 है, जो डिजिटल-सैवी अर्बन इंडियंस (डीएसयूआई) के 74 की तुलना में काफी कम है, जो इस समुदाय में जीवन बीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दिखाता है।

## हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'जुड़वा जाल'

मुंबई, एजेंसी। देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंटप्लेटफ़ॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'जुड़वा जाल' के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी। 'जुड़वा जाल' को बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय से तैयार किया है। इसमें मोनालिसाडबल रोल में नजर आएंगी और उनके साथ अंकित भाटिया, पलक सिंह, कार्तिक जैन अहम भूमिकाओं में होंगे। इस सस्पेंस थ्रिलर की कहानी अनामिका की रहस्यमयी स्थितियों में हुई मौत के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अनामिका एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी और मौत दोनों एक पहेली की तरह दर्शकों के सामने आती है। क्या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है? इंस्पेक्टर कुणाल इस केस को सुलझाने के लिए जब गहराई में जाकर पड़ताल करते हैं, तो शक की तमाम सुई एक ही व्यक्ति की ओर इशारा करती हैं और वो है अनामिका की उससे अलग रहने वाली जुड़वा बहन शुचि।

# मुजफ्फरपुर को सीएम नीतीश का तोहफा

## बैग फैक्ट्री का किया उद्घाटन, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर



मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बेला औद्योगिक क्षेत्र स्थित कासमस लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड की उच्च गुणवत्ता वाली बैग निर्माण इकाई का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि ऐसी औद्योगिक इकाईयां राज्य में औद्योगिक विकास को गति देंगी। युवाओं के लिए रोजगार का भी सृजन होगा। इससे बिहार का आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा यह इकाई युवाओं और महिलाओं, विशेषकर स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह इकाई बिहार राज्य औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत विकसित की गई है। उत्तर बिहार की पहली ऐसी इकाई है, जहां इतने बड़े पैमाने पर बैग निर्माण का कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद निवेशकों से बात करते हुए इकाई का निरीक्षण किया और उत्पादन प्रक्रिया की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद निवेशकों से बात करते हुए इकाई का निरीक्षण किया और उत्पादन प्रक्रिया की सराहना की। इकाई प्रतिनिधि ने बताया कि यहां बैग निर्माण के साथ-साथ कटिंग, सिलाई, डिजाइनिंग, पैकेजिंग आदि की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। इससे बिहार से उत्पादों का निर्यात भी संभावित है। उपमुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री रासूरत राय, मेयर निर्मला देवी, प्रधान सचिव मिहिर कुमार सिंह, जिलाधिकारी प्रणव कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, बियाडा के जीजीएम नीरज मिश्रा, मनीषा दूबे, उद्योग महाप्रबंधक अभिलाषा भारती, सिविल सर्जन अजय कुमार आदि शामिल रहे।

## जगदीशपुर के लोगों की हो गई बल्ले-बल्ले!



जगदीशपुर (आरा)। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में 22 करोड़ रुपये की लागत से सात सड़कों का निर्माण होगा। ये सड़क मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनेंगी। इन सड़कों की अनुशंसा विधायक रामविशुन सिंह लोहिया ने की थी, जिन्हें निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई। जिन सड़कों का निर्माण होना है। उनमें अंधारी बाग से महादलित टोला तक 3 करोड़ 54 लाख रुपये, एयार से यादव टोला तक 2 करोड़ 71 लाख, पीडब्ल्यूडी पीरो बिहिया पथ से शिवनाथ टोला तक 92 लाख रुपये, कुनई, दलित टोला से रजापुर पुल तक एक करोड़ 80 लाख रुपये में निर्माण होगा। वहीं, वैना सामुदायिक भवन एनएच 30 छपरपुर तक एक करोड़ 32 लाख, हाड़पोखर एनएच 30 से भोराही पथ से भटौली भिखारी डेरा तक 5 करोड़ 38 लाख व गोकुल टोला से सनेया यादव टोला एक करोड़ 19 लाख रुपये से जल्द सड़क का निर्माण होगा। इन सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इससे पहले भी 71 सड़कों का निर्माण 100 करोड़ रुपये की लागत से अनुशंसा की गई थी, जिसमे सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है।

## जीरोमाइल-मसौढ़ी रोड का जायजा लेने पहुंचे सीएम

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ का मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर और परसा बाजार में स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा इस पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। न्यू बाइपास एवं आसपास में लगनेवाले जाम से राहगीरों को मुक्ति मिलेगी तथा इससे समय की भी बचत होगी इसके बाद मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन जीरोमाइल मसौढ़ी (रा.-1) पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जीरोमाइल मसौढ़ी पथ के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### गया के लोगों के लिए खुशखबरी, शेरघाटी में सम्राट अशोक भवन का निर्माण हुआ शुरू



शेरघाटी। एक करोड़ 48 लाख की लागत से बहुद्देशीय सम्राट अशोक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। यह भवन 4 हजार 500 वर्ग स्क्वायर फीट में पुराने नगर पंचायत कार्यालय के पीछे बनाया जाएगा। शेरघाटी को अनुमंडल का दर्जा मिलने के बाद से इस प्रकार के भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्ष 1983 में अनुमंडल का दर्जा मिलने के बाद से लगभग 40 वर्षों का लंबा इंतजार अब समाप्त होता दिख रहा है। गुरुवार को जेई रविरंजन कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार की उपस्थिति में नगर परिषद के सदस्यों और तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर संवेदक ने एरिया की पैमाइश कर ली है। ले आउट की प्रक्रिया के लिए चुना से पहचान बनाकर किला लगाया गया है। यह दो मंजिला इमारत पूरी तरह आधुनिक तरीके से बनाई जाएगी। भवन निर्माण के बाद पुराने जर्जर कार्यालय भवन को तोड़कर नया निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए नगर परिषद जिम्मेदार होगी। भवन के तीन ओर से रास्ता का प्रावधान होगा और इसके बाद सुंदरीकरण किया जाएगा। शहर में हाल की कमी के कारण सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों में आई रुकावट को दूर करने में यह भवन सहायक होगा। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पवन किशोर ने बताया कि सम्राट अशोक भवन शहर का बहुद्देशीय केंद्र होगा, जहां प्रशासनिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

### बक्सर वालों के लिए खुशखबरी, इस जगह पर बनेगा एक और आरओबी, सरकार ने दी मंजूरी



बक्सर। जिला मुख्यालय में अब एक नहीं, बल्कि दो रोड ओवरब्रिज होंगे। इटाढ़ी रोड में स्थित रेलवे समपार फाटक के पास आरओबी बनकर लगभग तैयार हो चला है। दूसरी तरफ भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने अब पांडेयपट्टी रोड स्थित रेलवे समपार फाटक पर भी आरओबी बनाने को मंजूरी दे दी है। रेलवे एक-एक कर सभी समपार फाटकों को बंद करने की योजना पर काम कर रहा है। इस कड़ी में व्यस्त मार्गों पर आरओबी और कम व्यस्त मार्ग में अंडरपास बनाकर रेलवे ट्रैक से गुजरने वाले रोड और गेट बंद किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय से सटे नदांव गांव के पास भी रेलवे लाइन के ऊपर से एक आरओबी बनना है, जो बक्सर-चौसा बाईपास रोड परियोजना का हिस्सा है। जिले के प्रभारी मंत्री नितिन नबीन ने बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने बिहार राज्य में 223 नए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को मंजूरी दी है। जिसमें से जिला के खाता में भी एक आया है। यह स्वीकृति पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार द्वारा राज्य के राष्ट्रीय उच्च पथों, राज्य उच्च पथों व प्रमुख जिला सड़कों पर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने हेतु केंद्र सरकार को दिए गए प्रस्तावों के परिणामस्वरूप मिली है। उन्होंने बताया कि पथ निर्माण विभाग ने राज्य के सुदूर इलाकों से पटना तक अधिकतम 5 घंटे के यात्रा लक्ष्य को लगभग पूरा कर लिया है। अब विभाग इसे घटाकर 3.5 घंटे करने की दिशा में अग्रसर है।

### 'पीएम मोदी ने देश को दी योजनाओं की सौगात', मंत्री सतीश चंद्र दुबे बोले- जनता एनडीए के साथ



पटना। भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज सिवान जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आम जनता से आग्रह किया कि वे आगामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में बड़ी संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में ह्रप्रधान सेवकह्न की भावना से देश सेवा की है, और उनके प्रयासों का लाभ हर वर्ग को मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए युवाओं के लिए मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, जनधन खाता योजना, उज्ज्वला योजना के तहत हर घर में गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, और गांव गांव तक सड़कें पहुंचाकर ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री की सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार की जनता अब मन बना चुकी है कि आगामी चुनाव में एनडीए को समर्थन देगी और राज्य में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में सिवान भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष अनुराधा गुप्ता, अनुरंजन मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, संतोष राउत सहित कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भोजपुर में किसान समेत 2 लोगों की मौत



भोजपुर। इमादपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किसान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। किसान की बॉडी 3 टुकड़ों में बंट गई। विरोध में परिजनों ने जमकर बवाल काटा। मुआवजे की मांग को लेकर बीच रोड पर शव रखकर जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पीरो एसडीपीओ के.के सिंह मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। मृतकों की पहचान बिहटा निवासी दूधनाथ साव(65) और लाल बाबू पासवान के पुत्र अमित कुमार(14) के तौर पर हुई है। घटना तरारी-बिहटा मुख्य मार्ग के धर्मपुरा गांव के पास की है। मृतक दूधनाथ के पोता उज्जवल कुमार ने बताया, 'दादा मवेशी चराने के लिए बधार की ओर गए थे। अमित भी साथ में था। दोनों पेड़ के नीचे बैठे थे। इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा पेड़ से टकरा कर पलट गई। गाड़ी के नीच दबने से दोनों की मौत हो गई। अमित के चाचा ने बताया, 'मेरा भतीजा आम चुनने गया था। इस दौरान हाइवा के नीचे दब गया। JCB बुलाकर शव को बाहर निकाला गया। दूधनाथ साव की बॉडी तीन टुकड़ों में बंट गई थी। हाइवा की स्पीड अधिक थी। मोड़ के पास कोई ब्रेकर भी नहीं है।' मृतक दूधनाथ पेशे से किसान थे। तीन बेटा अरविंद, कृष्णा, मोनू और दो बेटी बिजयन्ती देवी, पिंकी देवी है ।

# पटना: महिला की पीट-पीटकर हत्या



पटना। जिले के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार थानाक्षेत्र के झबूचक गांव में एक महिला की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सतेंद्र बिंद की पत्नी राधिका देवी के रूप में हुई है। मौत के बाद लोगों ने पालीगंज मसौढ़ी रोड को इचीपुर के पास शव रखकर आगजनी कर जाम कर दिया।जाम की सूचना मिलने के बाद पालीगंज अनुमंडल के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई। इधर, परिजनों का आरोप है कि दुल्हिनबाजार थाना की पुलिस द्वारा पीट-पीटकर कर महिला की हत्या की गई है। मृत महिला की बहू जीरा कुमारी ने बताया कि रात को लगभग एक से दो बजे के आसपास जब हमलोग घर में सोए हुए थे। तभी दुल्हिनबाजार थाने की पुलिस अपरहण के मामले में घर पर आई थी। वो भी दूसरे के घर के छत से होते हुए हमारे घर में छत से सीढ़ी के द्वारा नीचे आई। नीचे आते ही पुलिस हमको और हमारी सासु मां को मारने लगी और धक्का दे दी जिसके बाद वह बेहोश हो गई। जब हम लोग उनको उठाने की कोशिश किए तो वह नहीं उठी। तभी एक महिला पुलिसकर्मी के द्वारा बताया गया कि प्याज और पानी दो तो उठ जाएगी। उसके बाद सभी पुलिसकर्मी निकल गए और मैंने अपनी सास को देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। इसलिए हम लोगों को सरकार से न्याय चाहिए निर्दोष लोग की हत्या पुलिस द्वारा की गई है। चार दिन पूर्व दुल्हिनबाजार थानाक्षेत्र के झबुचक गांव निवासी पूनम देवी ने अपनी बेटी के अपहरण को लेकर थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दी थी। लेकिन, पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और मामला दर्ज नहीं किया। जिसके बाद पीड़ित महिला डीजीपी के पास पहुंची और पूरी जानकारी डीजीपी विनय कुमार को जनता दरबार में दी। डीजीपी ने पदाधिकारियों को तत्काल जांच के आदेश दिए। पटना एसएसपी ने पालीगंज डीएसपी दो के नेतृत्व में जांच कराई जिसमें मामला सही पाया गया और लापरवाही भी सामने आई। इसके बाद पटना एसएसपी ने दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया। उसके बाद मामला दर्ज हुआ और पुलिस आरोपी की तलाश में शुक्रवार की रात को मृतक महिला के घर पर गई थी। इसी दौरान नोंकझोंक व मारपीट हुई जिसमें महिला की मौत की बात सामने आई है। इधर घटना को लेकर पालीगंज डीएसपी 2 उमेश्वर कुमार चौधरी ने बताया कि शुक्रवार देर रात दुल्हिनबाजार की थाने में एक लड़की का अपहरण के मामले पूनम देवी के द्वारा दर्ज करवाया गया था।


# ईको पार्क, जू, गोलघर व सभ्यता द्वार समेत राजधानी में 27 खूबसूरत शूटिंग लोकेशन





पटना। बिहार फिल्मों की शूटिंग के लिए तेजी से उभरता केंद्र बन रहा है। कला-संस्कृति एवं युवा विभाग की सूची के अनुसार राज्य भर में 116 स्थानों को शूटिंग लोकेशन के रूप में चिह्नित किया गया है। इस शूटिंग लोकेशनों में धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत भवनों, बायोलॉजिकल पार्कों, अभयारण्यों और लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशनों को प्राथमिकता दी गई है। इन स्थलों की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता फिल्मों को एक नयापन देगी। खास बात यह है कि सिर्फ पटना में ही 27 स्थानों को शूटिंग के लिए अधिकृत किया गया है, जो राज्य में सर्वाधिक हैं। पटना में जिन प्रमुख स्थानों को शूटिंग की अनुमति दी गई है, उनमें बिहार म्यूजियम, गोलघर, गांधी संग्रहालय, गांधी घाट, श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, महावीर मंदिर, खुदाबक्श लाइब्रेरी, कुम्हरार, पटन देवी, तख्त श्री हरिमंदिर साहिब, मार्टियर्स मेमोरियल, बुद्ध स्मृति पार्क, सभ्यता द्वार, प्रकाश पुंज, इस्कॉन मंदिर, ईको पार्क और पटना चिड़ियाघर जैसी जगहें हैं। इनमें कई स्थानों पर एल्बम और स्पूफ फिल्मों के लिए भी फिल्मांकन की अनुमति मिल रही है। नालंदा में 22 शूटिंग लोकेशन्स हैं, जहां सबसे अधिक विविधता है, जहां राजगीर के ग्लास ब्रिज, विश्व शांति स्तूप, वेणुवन, नालंदा विवि के अवशेष, पंडु पोखर, जैन मंदिर, जल मंदिर पावापुरी और कई गुफाएं शामिल हैं। गया में 11 लोकेशन हैं, जिनमें महाबोधि मंदिर, दशरथ मांझी स्थल, गुरुपा पहाड़ी, मंगलागौरी मंदिर, विष्णुपद मंदिर और सुजाता कुटीर शामिल हैं। रोहतास में शेरशाह सूरी का मकबरा, रोहतासगढ़ किला, कर्कटगढ़ जलप्रपात जैसे स्थलों को अनुमति दी गई है। भागलपुर में विक्रमशिला विवि, गंगा डॉल्फिन सेंचुरी जैसे स्थल हैं। वैशाली में अशोक स्तंभ, बुद्ध अवशेष स्तूप हैं। राज्यभर 22 जिले में शूटिंग लोकेशन्स है,16 जिलों में नहीं है। फीस निर्धारित:बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के कंसलटेंट अरविंद रंजन दास ने बताया कि निगम फिल्म निमार्ता को इन जगहों पर शूटिंग की अनुमति देते हैं, जिसके आधार पर निर्धारित समय में निमार्ताओं को वहां शूटिंग करने में कोई बाधा नहीं होती है। इसके लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं है।

# बिहार के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट



पटना। बिहार में 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 14 जिलों में ऑरेंज तो 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। वहीं 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के 16 जिलों को यलो कैटेगरी में रखा गया है। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इन इलाकों में लोगों को खुले मैदान, पेड़ों के नीचे या ऊंची जगहों से दूर रहने की सलाह दी गई है। वहीं पटना, नालंदा, जहानाबाद, शेखपुरा, गया, बेगूसराय, लखीसराय और नवादा को लेकर कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है। जबकि, भोजपुर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर और बक्सर में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में 15 से 17 जून के बीच दस्तक देगा मानसून। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले 2-3 दिनों में मानसून आने के पूरे आसार हैं। रविवार से राज्य में मानसूनी गतिविधियां शुरू हो जाएगी। पूर्वी और उत्तरी बिहार में बारिश शुरू होगी। मानसून आते ही झमाझम बारिश शुरू होगी। बारिश से तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट होगी। शुरूआत के 3-4 दिन अच्छी बारिश होगी। उसके बाद 7 दिन रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी। अगर बारिश बीच में रुक जाए, तो सितम्बर के आखिरी तक बारिश होती रहती है। मानसून में बिहार में औसतन 991 एमएम बारिश होती है। इस बार 3-4 दिन देर से मानसून आ रहा है। मानसून का सही वक्त 13 से 15 जून है।

# तेजस्वी यादव बोले: कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा है बिहार



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाया। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि बिहार को अब 20 साल पर पुरानी सरकार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूक सा गया है। विकास संकेतकों में सबसे नीचे है। नीति आयोग की सूची का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमें दुख होता है जब बिहार नीति आयोग के सभी सूचकांकों में सबसे फिसड्डी निकलता है। उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे गरीब राज्य है। सबसे अधिक पलायन बिहार से है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा बिहार में ही है। 20 साल से नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री है, 11 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं लेकिन बिहार का क्या मिला, क्या विकास हुआ? बिहार में आम लोग अफसरशाही, अशिक्षा और रिश्वतखोरी से परेशान हैं। विधि व्यवस्था बदहाल है। गरीब लड़कियों से बलात्कार हो रहा है। पटना समेत सभी जिलों में लोग हत्या और लूट से परेशान हैं। आमजन दहशत में जीने के विवश है। इसलिए जनता अब 20 साल पुरानी सरकार को नहीं चाहती है। अब गाड़ी बदलने की बारी है। तेजस्वी यादव ने दावा कि आगामी चुनाव के बाद एनडीए के दो दशक यानी 20 सालों का अंधकार युग इस साल खत्म हो जाएगा। सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के शासनकाल को उन्होंने अंधकार युग बताया। कहा कि पिछले 20 साल में नीतीश सरकार में बिहार को भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य संकट, शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त, गिरते पुल, शराबबंदी, पेपरलीक, युवाओं पर लाठीचार्ज, किसानों की अनदेशी, आरक्षण चोरी, रोजगार घोटाला मिला। इसलिए बिहार अब कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा है।

# 'पत्नी का जीजा से अफेयर था, इसलिए मार डाला'

## पति ने कबूला जुर्म, कहा- भागने वाले थे दोनों, फंसाने के लिए जीजा पर केस किया





पूर्णिया। सरसी में हुई महिला की हत्या केस में नया मोड़ आ गया है। अन्नू की हत्या उसकी ननद के पति (जीजा) ने नहीं, बल्कि पति गगनदीप मंडल ने की थी। हत्या के बाद शव को घर के आंगन में दफना दिया था। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद अपने जीजा पप्पू मंडल पर हत्या का केस दर्ज करवाया। दरअसल, आरोपी की पत्नी का उसके जीजा के साथ अफेयर था। दोनों भागने की प्लानिंग कर रहे थे। इसकी भनक पति को लग गई थी। इस वजह से वारदात को अंजाम दिया था। इन बातों का खुलासा गगनदीप मंडल ने पुलिस पूछताछ में किया है। मामला सरसी थाना क्षेत्र के वार्ड-7 बोहरा गांव का है। जहां 8 जून की देर रात करीब 12 बजे महिला की हत्या की गई। जिसके 5 दिन बाद यानी 13 जून को मिट्टी खोद कर लाश निकाली गई थी। बनमनखी SDPO सुबोध कुमार ने बताया कि 12 जून को मृतका के पति ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पप्पू मंडल पर हत्या का आरोप लगाकर घर के आंगन में शव दफनाने की बात कही थी। दूसरे दिन 13 जून की शाम मजिस्ट्रेट बालकृष्ण भारद्वाज, सरसी थानाध्यक्ष अभय रंजन सिंह और एफएसएल की टीम की निगरानी में खउड़ से खुदाई कर सड़ी गली स्थिति में शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद बहनोई को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान पप्पू मंडल ने अन्नू से अफेयर की बात कबूली। उसने बताया कि 'उसके पति ने ही उसको मारा है। अन्नू को गगनदीप पसंद नहीं था। वो मुझसे प्यार करती थी। हम दोनों घर से भागने की तैयारी में थे। इस वजह से मेरी पत्नी भी मेरे से झगड़ा करती थी। मैंने अपनी पत्नी से साफ बोल दिया था कि अन्नू के साथ जिंदगी बिताना चाहता हूं। मेरी पत्नी पिंकी देवी ने अफेयर की बात अपने भाई को बता दी थी।' मृतका अन्नु देवी कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के गोदबारा गांव की रहने वाली है। साल 2020 में ही उसकी शादी गगनदीप मंडल से हुई थी। दंपती को एक बेटी नंदिनी कुमारी और एक बेटा आयुष कुमार है। मृतका की मां कारी देवी ने पहले ही अपने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया था। उसने कहा था- 'दामाद और नंदोसी ने मिलकर बेटी की हत्या कर दी है। पति को शक था कि नंदोसी से उसका अफेयर है। मेरी बेटी का न किसी से अफेयर था और न ही उसने किसी के अफेयर का विरोध किया था। दोनों ने गला घोंटकर उसकी हत्या की और फिर लाश को दफना दिया था।'



# रामायण कोई कहानी नहीं इतिहास है

रामायण एक आध्यात्म से जुड़ा इतिहास है इसमें भारतीय संस्कृति के अद्भुत गुण देखने को मिलते हैं और कहीं-कहीं आश्चर्यचकित कर देने वाली घटनाओं का वर्णन किया गया है।

रामायण में वर्णित रावण द्वारा श्रीलंका जाते समय पुष्पक विमान का मार्ग, उस मार्ग में कौन सा वैज्ञानिक रहस्य छिपा है। रावण ने पंचवटी (नासिक, महाराष्ट्र) से सीता का अपहरण किया और हम्पी (कर्नाटक), लेपाक्षी (आंध्र प्रदेश) के माध्यम से श्रीलंका पहुंचा। आश्चर्य होता है जब हम आधुनिक तकनीक से देखते हैं कि नासिक, हम्पी, लेपाक्षी और श्रीलंका एक सीधी रेखा में हैं। यह पंचवटी से श्रीलंका तक का सबसे छोटा मार्ग है। अब आप सोचते हैं कि उस समय कोई ह्यधद्द्यद्द मैप नहीं था जो सबसे छोटा रास्ता बताता हो। फिर, उस समय यह कैसे पता चला कि सबसे छोटा और सीधा मार्ग कौन सा है? या भारत के विरोधियों की संतुष्टि के लिए भी, मान लें कि रामायण केवल एक महाकाव्य है, जिसे वाल्मीकि ने लिखा था, तो मुझे बताएं कि उस समय भी कोई मानचित्र नहीं था, वाल्मीकि, जिन्होंने रामायण लिखा था, कैसे आए थे? पता है कि पंचवटी से श्रीलंका शॉर्ट कट है?

वाल्मीकि ने सीता हरण के लिए केवल उन्ही स्थानों का उल्लेख किया है, जो पुष्पक विमान का सबसे छोटा और सबसे सीधा मार्ग था। यह ठीक उसी तरह है जैसे 500 साल पहले गोस्वामी तुलसीदास जी को पता था कि पृथ्वी से सूर्य की दूरी कितनी है? (जुग सहस्त्र योजन पर भानु= 152 मिलियन किमी - हनुमानचालीसा), जबकि नासा ने इस दूरी का पता कुछ साल पहले ही लगाया था।

पंचवटी वह स्थान है जहां श्री राम, सीता और लक्ष्मण वनवास के दौरान रहे थे। यहीं पर शूर्पणखा आई और लक्ष्मण से शादी करने के लिए उपद्रव करने लगी। लक्ष्मण को शूर्पनखा की नाक काटने के लिए मजबूर किया गया था, अर्थात हम आज इस स्थान को नासिक (महाराष्ट्र) के रूप में जानते हैं। पुष्पक विमान में, सीता ने नीचे देखा और देखा कि एक पहाड़ की चोटी पर बैठे कुछ बंदर जिज्ञासा से ऊपर की ओर देख रहे थे, सीता ने अपने वस्त्र के कोर को फाड़ दिया और अपने कंगन बांध दिए और राम को ढूंढने में मदद करने के लिए उन्हें नीचे फेंक दिया। जिस स्थान पर सीता ने इन आभूषणों को वानरों के लिए फेंका था, वह 'ऋष्यमुक पर्वत' था जो हम्पी (कर्नाटक) में वर्तमान में स्थित है। इसके बाद, वृद्ध जटायु ने रोते हुए सीता को देखा, देखा कि एक दानव एक महिला को जबरन अपने विमान में ले जा रहा था। सीता को मुक्त करने के लिए जटायु ने रावण से युद्ध किया। रावण ने जटायु के पंखों को तलवार से काट दिया। इसके बाद, जब राम और लक्ष्मण सीता को खोजने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने पहला पता दिया कि उस स्थान का नाम 'लेपाक्षी' (आंध्र प्रदेश) है।

यह महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखित एक सच्चा इतिहास है। जिसके सभी वैज्ञानिक प्रमाण आज उपलब्ध हैं। इसीलिए जब भी कोई वामपंथी हमारे इतिहास, संस्कृति, साहित्य को पौराणिक कथा कहकर या खुद को विद्वान बताकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करता है, तो उसे पकड़कर उससे इन सवालों के जवाब मांगे। यकीन मानिए आप एक भी जवाब नहीं दे पाएंगे। इस सब में आपकी जिम्मेदारी कहां है? आपके हिस्से की जिम्मेदारी यह है कि जब आप टीवी पर रामायण देखते हैं, तो यह मत सोचिए कि कहानी चल रही है, बल्कि यह भी ध्यान रखें कि यह हमारा इतिहास है। इस दृष्टि से रामायण को देखें और समझें। इसके अलावा, हमारे बच्चों को यह दृष्टि देना आवश्यक है, यह कहते हुए कि बच्चों के लिए यह एक कहानी नहीं है, यह हमारा इतिहास है।



# बर्बादी का रास्ता क्रोध
## रामचरितमानस मे भी है जिक्र

आजकल देखा जाता है कि किसी को कभी भी बहुत जल्दी क्रोध आ जाता है। जोकि सही नहीं हैं। क्रोध के दुष्प्रभाव जीवन पर काफी बुरा पड़ता हैं। इसकी वजह से जीवन तक बर्बाद हो सकता है। कई बार गुस्से के कारण बना बनाया काम खराब हो जाता है। व्यक्ति में क्रोध आ जाए तो उसे सबसे दूर कर देता है और इंसान बिलकुल अकेला रह जाता है। तो साथ ही बता दें कि सबसे बड़े हिंदू ग्रंथ में भी इस बात का जिक्र है कि कोध्र व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं है, क्रोध व्यक्ति के विनाश का कारण बनता है। तो आइए आपको बताते है क्रोध को लेकर रामचरितमानस मे क्या कहा गया है-

क्रुद्ध: पापं न कुर्यात क: क्रुद्धो हन्यात गुरूनपि ।
क्रुद्ध: परुषया वाचा नर: साधूनधिक्षिपेत
क: क्रुद्ध: पापं न कुर्यात, क्रुद्ध: गुरून अपि हन्यात,
क्रुद्ध: नर: परुषया वाचा साधन अधिक्षिपेत ।

तुलसीदास जी ने कहा है कि जो व्यक्ति क्रोध करता है उस व्यक्ति पापकर्म अधिक करना पड़ता है। पुण्य वाले काम करने से वो काफी दूर रहता है। क्रोध में ही व्यक्ति बड़े छोटे का लिहाज नही करता और बड़े एवं पूज्य जनों तक को मार डालता है। साथ ही ऐसा व्यक्ति अशब्दों का अधिक उपयोग करता है और साधुजनों की भी कोई इज्जत नही करता। अगर व्यक्ति अपने क्रोध पर काबू नहीं पाता तो वो व्यक्ति अपने आपको बर्बाद कर देगा। क्रोध स्वास्थ्य पर भी काफी हद तक नुकसान पहुचता है। विज्ञान के अनुसार अधिक क्रोध करने से ब्लड प्रेशर काफी हद तक बढ़ जाता है। क्रोध से मनुष्य को मानसिक परेशानियां हो जाती है। क्रोध मनुष्य के जीवन को अस्त व्यस्त कर देता है। क्रोध के कारण रिश्तों में कड़वाहट आने लग जाती है। गुस्से में बोला गया हर एक शब्द सांप के जहर जैसा जहरीला होता है।

# आर्थिक समस्या को दूर करने के लिए करें ये उपाय

घर में सुख समृद्धि धन के लिए वास्तु को बहुत खास माना जाता हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार वास्तु के उपायों को करने से घर में सकारात्मकता ऊर्जा प्रवेश करती है जबकि नकारात्मकता ऊर्जा दूर हो जाती है। साथ ही ऐसा माना जाता है कि वास्तुदोषों के कारण जीवन में कई तरह की समस्याएं आने लगती हैं जिससे मनुष्य के बनते काम बिगड़ने लगते है। काम में रूकावट आने लगती है। तो आज हम आपको बताने जा रहे है। ऐसे उपाय जिससे आपके सभी कार्य आसानी से हो जाएंगे और जीवन से सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। साथ ही धन संबंधी समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। मनी प्लांट-घर में वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट में रखने से अनेक फायदे होते हैं। घर मे मनी प्लांट रखने से घर की सारी नकारात्मकता ऊर्जा शक्ति दूर हो जाती है और घर का वातावारण सकारात्मक माहौल बनने लगता है। मनी प्लांट को घर में लाने से रूपए पैसे की समस्याएं भी दूर होने लगती हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ ऐसी बातें भी है जो ध्यान में रखना जरूरी है।

**मनी प्लांट की दिशा-** वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में मनी प्लांट लाने के बाद उसे दक्षिण या पूर्व दिशा में रखना चाहिए। इस दिशा में रखा मनी प्लांट घर के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश कराता है। साथ ही मान्याताओं के अनुसार इस दिशा का कारक शुक्र ग्रह है और शुक्र ही बेल वाले पौधों का कारक भी कहा जाता है, इसलिए इस दिशा में मनी प्लांट लगाना बहुत शुभ माना जाता है।

**पानी में रखें-** वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को पानी में रखना शुभ माना जाता है। साथ ही इस बात का खास ध्यान रखें कि पौधे का पानी बदलते रहे,समय-समय पर।

**बेल को जमीन पर न आने दें** -वास्तुशास्त्र के घर में लगाए मनी प्लांट को जमीन पर न फैलने दें, इसकी बेल को ऊपर की ओर बढ़ने देना चाहिए। वो शुभ होता है।

**खराब पत्ते-** वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को हमेशा हरे पत्तों के साथ हरा- भरा रहना शुभ माना जाता है। अगर इसके पत्ते खराब हो रहे हैं, तो उन्हें तुरंत हटा दें।





# जनेऊ के जाने धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व

**हिंदू धार्मिक शास्त्रों में जनेऊ को बहुत पवित्र माना जाता है। साथ ही यज्ञोपवीत संस्कार का बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। बता दें कि जनेऊ संस्कार हिन्दू धर्म के प्रमुख 24 संस्कारों में से एक है। यह जनेऊ 'उपनयन संस्कार' के अंतर्गत आता है। तो वहीं हिंदू धर्म के अनुसार ये हर हिन्दू का कर्तव्य है कि, वो जनेऊ धारण करें और उसके नियमों का पालन करें। जनेऊ धारण करने के बाद ही द्विज बालक को यज्ञ तथा स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त होता है।**

## क्या होता है जनेऊ

जेसूऊ सूत से बना एक पवित्र धागा होता है। जिसे मनुष्य बाएं कंधे के ऊपर और दाईं भुजा के नीचे पहनता है। इस जनेऊ के कई वैज्ञानिक महत्व भी है। तो आइए आपको बताते है जनेऊ के वैज्ञानिक महत्व और फायदों के बारे में

**स्मरण शक्ति बेहतर-** हर रोज जनेऊ कान पर रखने से स्मरण शक्ति बेहतर होती है। कान पर जेनऊ इसलिए कहा जाता है क्योंकि कान दबाव पड़ने से दिमाग की वे नसें खुल जाती हैं, जिनका संबंध स्मरण शक्ति से होता है।

**रक्तचाप नियंत्रण-** शौच के समय जनेऊ कान के पास रखने से जो नसें दबती हैं, उनसे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है एक स्टेडी के मुताबिक ये बात सामने आई है कि शौच के समय जनेऊ कान के पास रखने का भी वैज्ञानिक आधार है, जैसा बताया गया है कि ऐसा करने से रक्तचाप नियंत्रण में रहता है।

**हृदय रोग और ब्लडप्रेशर की परेशानी दूर-** इस स्टेडी में ये बात भी सामने आई है कि जनेऊ पहनने वाले लोगों को हृदय रोग और ब्लडप्रेशर जैसी परेशानी खत्म हो जाती है। जनेऊ से शरीर में खून का प्रवाह सही तरीके से होता रहता है। आध्यात्मिक ही नहीं इसका वैज्ञानिक आधार भी है, जैसे रिसर्च के अनुसार बताया गया है कि जनेऊ पहनने से हृदय रोग और ब्लडप्रेशर जैसी सारी परेशानी समाप्त हो जाती है।

# काला धागे बांधने के हैं फायदे बहुत

**अक्सर देखा जाता हैं की घर में बच्चा जब जन्म लेता हैं तब बड़े बुजुर्ग उससे काला टीका, काला धागा लगाते पहनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है काला धागा बांधने से कई अद्भुत फायदे भी होते है। बता दें कि ज्योतिष विज्ञान एवं लाल किताब के अनुसार काला धागे को विशेष स्थान दिया गया हैं। इन दोनों में इसे बांधने को लेकर भी बात कहीं गई है। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि काले धागे को बांधने से सारी नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और कई अन्य फायदें भी होते है। लेकिन इन सब में एक बात का खास ध्यान रखा जाना चाहिए कि काले धागे को शरीर में पहनने से पहले क्या-क्या सावधानी बरतें।**

## काला धागा बांधने के फायदे

काले धागें को बांधने से व्यक्ति को किसी की बुरी नजर नहीं लगती है। साथ ही ये काली शक्तियों से भी रक्षा करता हैं। शनिदेव का संबंध भी काले रंग से ही है। शनि को काले रंग का कारक माना जाता है। इसके अलावा काले रंग का धागा पहनने से व्यक्ति की कुडली का शनि मजबूत होता है और शनि प्रदोष से भी मुक्ति मिलती है।

## आर्थिक लाभ

संकटमोचन हनुमान के दिन यानी मंगलवार को काला धागा धारण करना काफी शुभ माना जाता है। इस दिन काला धागा पहनने से आर्थिक जीवन सुखी होता है। घर में धन-समृद्धि का आगमन होता है। इस दिन खासकर दाहिने पैर में काला धागा बांधना शुभ माना जाता है।

## सेहत के लिए फायदेमंद

सेहत के लिहाज से भी काला धागा काफी फायदेमंद है। अगर आपके पेट में दर्द रहता है तो व्यक्ति को अपने पैर के अंगूठे में इस धागे को बांध लेना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनके लिए भी काला धागा काफी फायदेमंद है। इसे व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

## काला धागा पहनने से पहले बरतें ये सावधानियां

काले धागे को अभिमंत्रित करने के बाद ही धारण करें।
धारण करने से पहले इस बारे में किसी योग्य ज्योतिष की सलाह ले।
इस धागें को बांधने वाले व्यक्ति को रुद्र गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए।
मंत्र - ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्र: प्रचोदयात
शरीर के जिस हिस्से में काला धागा बांध रहे हैं वहा कोई और अन्य रंग का धागा न धारण करें। शनिवार के दिन काला धागा बांधना शुभ होता है।



# 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव, आईसीसी ने कर दी घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल (ODI)के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश ICC पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ODI में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।

### वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल

अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए ICC ने यह बदलाव किया है।

### सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम

ICC ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इस सूची में प्रत्येक विशिष्ट भूमिका के लिए एक खिलाड़ी, एक बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर शामिल होना चाहिए।

यह बदलाव हाल के मैचों में कुछ विवादास्पद क्षणों के बाद आया है। उदाहरण के लिए इस साल जनवरी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20आई मैच के दौरान बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को शामिल किया था। राणा ने तीन विकेट लिए जिससे इस तरह के प्रतिस्थापन की निष्पक्षता के बारे में बहस छिड़ गई।

नया नियम ऐसी स्थितियों को रोकेगा क्योंकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल समान विकल्प की अनुमति दी जाए। यदि नामित कन्कशन विकल्प भी घायल हो जाता है, तो मैच रेफरी मूल पांच में से किसी एक प्रतिस्थापन को मंजूरी दे सकता है, लेकिन केवल तभी जब वह उसी खेल भूमिका से मेल खाता हो।




इन बड़े बदलावों के अलावा ICC मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) से एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण अपडेट भी अपना रहा है। 'बनी हॉप' नियम के तहत क्षेत्ररक्षक सीमा के बाहर से कूदकर हवा में कैच ले सकते थे, अब ऐसा कैच अमान्य होगा। इसका उद्देश्य कैच को साफ-सुथरा बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि आउट निष्पक्ष और स्पष्ट रूप से सीमा के भीतर हों।

# युवा तेज गेंदबाज मार्को ऑलराउंडरों में हो सकते हैं शुमार: पोंटिंग




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज मार्को जेनसन भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडरों में शुमार हो सकते हैं। यह मानना है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग का। पोंटिंग ने कहा कि जेनसन के पास गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करने की काबिलियत है और वे अपने करियर के शुरुआती दौर में ही प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं। पोंटिंग ने जेनसन को नजदीक से तब देखा जब वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोचिंग के दौरान उनके साथ जुड़े।

उन्होंने कहा कि जेनसन लंबी कद-काठी वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी तकनीकी क्षमता और मानसिक संतुलन उन्हें खास बनाते हैं। लॉर्ड्स में चल रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन जेनसन ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को बुरी तरह झकझोर दिया। उन्होंने 14 ओवर में 49 रन देकर तीन अहम विकेट झटके, जिनमें मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड जैसे बल्लेबाज शामिल थे। दूसरे दिन उंगली में चोट लगने के बावजूद जेनसन मैदान पर लौटे और एक बार फिर लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर यह दिखा दिया कि उनमें खेल के प्रति जबरदस्त जज्बा है। पोंटिंग ने कहा कि वह बेहद शांत स्वभाव के हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनमें एक मजबूत प्रतिस्पर्धा की भावना नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। आईपीएल 2025 में जेनसन ने पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने विकेट भी चटकाए और जरूरत के समय उपयोगी रन भी बनाए।

भारत में उनके खेल को देख पोंटिंग को जेनसन की प्रतिभा पर भरोसा हो गया और उन्हें यह उम्मीद है कि वे आने वाले वर्षों में टेस्ट क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली ऑलराउंडरों में शामिल होंगे। पोंटिंग ने अंत में कहा कि जेनसन अभी करियर की शुरुआत में हैं, लेकिन उनमें वह सब कुछ है जो किसी खिलाड़ी को महान बनाता है। वहीं, जेनसन ने भी पोंटिंग से मिली सीख को बेहद कीमती बताया और कहा कि उन्होंने खासकर मानसिक रूप से सकारात्मक सोचने की कला सीखी है। जेनसन के अनुसार, पोंटिंग हमेशा अच्छा देखने और सोचने की प्रेरणा देते हैं, जो उन्हें मैदान पर स्थिर और आत्मविश्वासी बनाए रखती है।

# सौरव गांगुली की गिल को सलाह... बुमराह का इस्तेमाल विकेट टेकर के रुप में करे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को बेहतर बनने के लिए भारतीय गुट को सलाह दी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम नए दौर की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम ने आगामी सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा है कि गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह को बतौर विकेट टेकर इस्तेमाल करना चाहिए।



गांगुली ने कहा, आपको देखना होगा और एक दिन में बुमराह से 12-13 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करने देनी है। गिल को बुमराह को इसतरह से इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे लगता है कि चार तेज गेंदबाज महत्वपूर्ण हैं। यहां, दूसरों को सिराज, अर्शदीप जैसे योद्धाओं की जरूरत होगी। नितीश या शार्दुल ठाकुर के बारे में निश्चित नहीं हूं। शायद वे बल्ले से कुछ रन बना सकें, लेकिन मुझे लगता है कि भारत को सात बल्लेबाजों का साथ देना चाहिए और विशेषज्ञ गेंदबाजों की जरूरत है, क्योंकि हमें टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट चाहिए।

6 माह बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलने वाले है। पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून को लीड्स में होगा।

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीम- शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# भूटिया ने फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण के आरोपों को खारिज किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर और भारतीय टीम के पर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) प्रमुख कल्याण चौबे में आजकल घमासान छिड़ा है। एएफसी एशियाई कप क्वालिफाइंग दौर के मैच में हांगकांग के हाथों भारतीय टीम की हार के बाद जहां भूटिया ने एआईएफए प्रमुख पर भारतीय फुटबॉल को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह अपना पद छोड़ दें। वहीं इसके बाद कल्याण ने भी पलटवार करते हुए भूटिया पर

अपने स्वार्थ के लिए व्यावसायिक अकादमियां चलाने का आरोप लगाया है। जिन्हें भूटिया ने खारिज कर दिया है। कल्याण ने कहा कि वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 अलग अलग शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10000 रुपये तक महीना लिया जाता है। चौबे भूटिया फुटबॉल स्कूल का जिक्र कर रहे थे जिसकी देश भर में कई अकादमियां हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा कि ये पूरी तरह से निहित स्वार्थ है पूरी तरह से व्यावसायिक है। वे परिवारों की भावनाओं, लोगों की भावनाओं के साथ खेलकर लाभ उठा रहे हैं। लोग सोचते हैं कि उस




व्यक्ति ने भारतीय फुटबॉल को उच्चतम स्तर पर पहुंच बनाई है और अगर मैं उनकी अकादमी का हिस्सा बन सकता हूं तो मैं भी एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बन जाऊंगा जो सही नहीं है। वहीं भूटिया ने चौबे के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि चौबे को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अकादमी कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने अपने फुटबॉल स्कूल अपनी मेहनत की कमाई से खोले हैं। इसके लिए उन्होंने राज्यों, केंद्र और कॉरपोरेट्स से कोई पैसा नहीं लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि, पिछले दो सालों में बच्चों की मदद के लिए केवल कुछ ही प्रायोजक आए हैं। देश भर में मेरे स्कूलों में हर दिन 6000 से ज्यादा बच्चे खेलते हैं।फीस को लेकर जो आंकड़ा कल्याण ने बताया है वह सही नहीं है। फीस उतनी ही ली जाती है जिससे कि कोच का वेतन और मैदान का शुल्क दिया जा सके ।

# गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारत को अस्थायी रूप से मिला नया मुख्य कोच

बेंगलुरु ।गौतम गंभीर अपनी मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद भारत लौट आए हैं। उम्मीद है कि वे 20 जून तक वापस आ जाएंगे जिस दिन बर्मिंघम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच शुरू होगा ।ऐसे में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम की देखरेख करेंगे। फिलहाल शुभमन गिल की अगुवाही वाली टीम इंडिया बेकेनहैम में 4 दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेल रही है । लक्ष्मण पहले से ही इंग्लैंड में मौजूद हैं और गंभीर के इंग्लैंड लौटने तक उनकी भूमिका संभालेंगे ।लक्ष्मण वर्तमान में भारत की अंडर-19 टीम की देखरेख कर रहे हैं जिसमें आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे सितारे हैं ।अंडर-19 टीम को 17 जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ 7 मैच खेलने हैं ।इसका मतलब है कि लक्ष्मण की इंग्लैंड में मौजूदगी टीम इंडिया के साथ ही हुई। लक्ष्मण पहले भी अस्थायी तौर पर भारत के मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं और एनसीए, इंडिया ए और अंडर-19 टीम के प्रमुख के तौर पर ज्यादातर खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके हैं, इसलिए सीनियर इंडिया टीम की देखरेख करना लक्ष्मण के लिए कोई समस्या नहीं होगी।

# हमने सवाल उठाने वालों को करार जवाब दिया : बावुमा



लंदन ।दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत पर खुशी मनाने हुए कहा है कि हमारी टीम ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो हमपर संदेह करते थे। बावुमा के अनुसर कई लोगों ने उनकी टीम के फाइनल में पहुंचने पर सवाल उठाये थे1 उनका कहना था कि टीम कमजोर विरोधियों को हराकर फाइनल तक पहुंची है1 मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा '' एक टीम के रूप में हमने अपने को फाइनल में पहुंचाया ।माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है जो हम पर संदेह करते हैं ।सवाल उठाने वालों ने निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ उनकी जीत की ओर संकेत किया था पर उनकी टीम ने जीत के साथ ही करारा जवाब दिया ।अतिम दिन 278 रनों का पीछा करते हुए और लाल गेंद के क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर एक ऑस्ट्रेलियाई जैसी टीम को हराया। एडेन माकर्रम ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शतक लगाया ।बावुमा ने अपने साथी बल्लेबाज माकर्रम की तारीफ की और कहा उनकी पारी अविश्वसनीय थी। आंकड़े महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हम चरित्र को देखते हैं और वह एडेन में है ।हमारे लिए एक और बेहतरीन खिलाड़ी। कप्तान ने स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की भी जमकर प्रशंसा की ।जिन्होंने फाइनल से पहले आलोचनाओं के घेरे में आने के बाद दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करके मैच का रुख ही पलट दिया।

# खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोच मोर्कल ने जताया संतोष

**लंदन (एजेंसी)।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से प्रारंभ हो रहे पांच टेस्ट मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी ट्रेनिंग सेशन में जमकर पसीना बहा रहे हैं। ट्रेनिंग सेशन के दौरान टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष जताया है।


गेंदबाजी कोच ने इस बात पर जोर दिया है कि अभ्यास के साथ-साथ मैदान पर निरंतरता इंग्लैंड में महत्वपूर्ण होगी। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर मोर्ने मोर्कल का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मोर्कल ने कहा, अब तक के दो दिवसीय अभ्यास में, परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। यह बल्लेबाजों के लिए एक परीक्षा थी, जो एक तरह से उन्हें आने वाले समय के लिए तैयार होने में भी मदद करती है। मुझे नहीं लगता कि विकेट में उतनी जान होगी, जितना हमने यहां अनुभव किया है।उन्होंने आगे कहा, बल्ले




और गेंद के बीच कशमकश काफी अच्छी रही है, लेकिन मुझे लगता है कि यह केवल इसलिए है क्योंकि विकेट में थोड़ी-सी जान है। जैसे ही विकेट सपाट हो जाता है, गेंदबाज पीछे हट जाते हैं। मैं उन्हें बताऊंगा कि केवल तब आक्रामकता दिखाएं, जब विकेट में बाउंस हो। जब विकेट सपाट हो, तब हमें अपना कैरेक्टर दिखाना होगा। गेंदबाजी कोच ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता महत्वपूर्ण है। जब हम अभ्यास करते हैं तो निरंतरता होती है। मैदान के बाहर निरंतरता होती है। यह जानना होता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर आपके लिए क्या बेहतर होगा। हमारे पास बहुत विविधता है, हमारे आक्रमण में विविधता है, अलग-अलग स्किल्स वाले खिलाड़ी हैं, इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और फिर भी बुनियादी बातों को अच्छी तरह से लागू कर सकते हैं।

मोर्केल ने कहा, कुल मिलाकर, अब तक की शुरुआत से खुश हूं। हम जिस तरह से लाल गेंद से नहीं खेले हैं, उसे देखते हुए मैं थोड़ा नर्वस था, लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों की ट्रेनिंग देखना सुखद है। हमारे पास एक शानदार टीम है, ऊर्जा है, आपको इसकी जरूरत है। आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ खेलने और टीम भावना रखने की जरूरत है। बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज के साथ भारतीय टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत करने जा रही है।

# स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने की उम्मीद



लंदन ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज तक फिट हो जाएंगे ।स्मिथ को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगुली में चोट लग गयी थी ।स्मिथ को ये चोट कैच लेने के प्रयास में लगी इसी कारण उन्हें तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में डिस्लोकेशन के बाद अस्पताल ले जाया गया था । भेजा गया ।स्मिथ के लिए रिकवरी काफी अच्छी रही है और उन्हें सर्जरी की जरुरत नही पड़ी ।अब उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने की संभावना है ।स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं ।यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा ।स्मिथ ने कहा, गेंद मेरे हाथ में ठीक से नही गई और सौभाग्य से वहां कोई फैक्चर नहीं था और यह सिर्फ त्वचा को चीरती हुई और खिसकती हुई चली गई जिससे मैं उस समय काफी दर्द महसूस कर रहा था ।इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि हाल ही में उत्तरी लंदन के प्रसिद्ध स्थल पर मैचों को याद करते हुए अब उनके मन में मिश्रित भावनाएं हैं ।उन्होंने कहा, अब इस जगह के साथ मेरा प्यार और नफरत का रिश्ता है ।यहां मेरी कुछ अच्छी यादें हैं और कुछ अच्छी नहीं भी हैं ।2019 में जोफ्रा (आर्चर) की गेंद पर मेरे सिर पर चोट लगी थी और अब कल यहां भी मेरी उंगली टूट गई। लेकिन यह क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है और मैंने यहां इसका आनंद ।

# तमिलनाडु प्रीमियर लीग में एक गेंद पर तीन बार रनआउट का मौका हाथ से निकला



चेन्नई ।यहां जारी तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपील) 2025 के एक मैच में एक अनूठा वाकया सामने आया ।यहां डिंडीगुल ड्रैगन्स और मदुरै पैंथर्स के बीच मैच में एक ही गेंद पर तीन बार रन आउट का मौका निकल गया ।इस दौरान यहां अंपायर और बल्लेबाज तक हंसने लगे। इसका एक विडियो भी सोशल मीडिया पर आया है ।इस मुकाबले में हालांकि डिंडीगुल ने मदुरै को नौ विकेट से हरा दिया ।इस मैच में डिंडीगुल ड्रैगन्स के तेज गेंदबाज गणेशन पेरियास्वामी की वाइड यॉर्कर गेंद को गुरजपनीत सिंह ने कवर्स में मारा ।डिंडीगुल के कप्तान रविचंद्रन अश्विन, जो कवर्स पर खड़े थे, ने गेंद को उठाया और नॉन-स्ट्राइकर एंड की तरफ फेंका पर पेरियास्वामी गेंद को नहीं पकड़ पाए ।इससे मदुरै के बल्लेबाजों रन के लिए दौड़ पड़े ।अश्विन के थ्रो के बाद डीप स्कायर लेग फील्डर ने गेंद को पकड़ा और स्ट्राइकर एंड की ओर फेंका जिसे इस बार विकेटकीपर बाबा इंदिराजीत पकड़ नहीं पाये ।उसके बाद एक और थ्रो किया उसे भी पकड़ा नही जा सका ।इस प्रकार डिंडीगुल ने एक ही गेंद पर तीन रनआउट के अवसर खो दिये।

# ऑस्ट्रेलियाई कोच मैकडॉनल्ड ने टीम में बदलाव के संकेत दिये

सिडनी ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीसी) फाइनल में अपनी टीम की हार पर निराशा जतायी है ।कोच ने कहा कि अब नये डब्ल्यूसीसी चक्र में टीम बदलावों के साथ उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम लॉर्ड्स की दूसरी पारी में बल्लेबाजी में विफल रही थी ।मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा गया था जिससे वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को तीसरे नंबर पर उतारा जा सके पर ये प्रयोग विफल रहा ।लाबुशेन रन बनाने में असफल रहे ।उनके अलावा ख्वाजा और ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक पाये। मैकडॉनल्ड ने कहा, इस टेस्ट मैच से पहले पारी की शुरुआत को लेकर काफी बात हुई थी और मैं ओपनिंग संयोजन की जरूरत के बारे में बात कर रहा था ।हमने वहां कुछ बदलाव किये पर अब समय आ गया है कि किसी को स्थायी तौर पर रखा जाये। हमको यह कहना होगा कि इस टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका बेहतर था ।हमें उन सुधारों पर ध्यान देना होगा जो हमें करने की आवश्यकता है ।इसमें कोई संदेह नहीं है ।इस सत्र में लाबुशेन का औसत सिर्फ 27.82 रहा है, और ऐसे में उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज में शायद ही जगह मिले ।मैकडॉनल्ड ने जोर देकर कहा कि वह टीम के भविष्य का एक बड़ा हिस्सा हैं ।उन्होंने कहा, उस उम्र में टेस्ट क्रिकेट में 45, 46 का औसत रखने वाला कोई भी खिलाड़ी महत्वपूर्ण है ।हमारे पास ऐसे पुराने खिलाड़ी हैं जो शुरुआत की तुलना में अंत के करीब हैं ।हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो आ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर वह अगले 4 से 5 सालों तक अपने खेल को अच्छे क्रम में रख सकता है, तो वह उस बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कर सकता है हालांकि इस बार वह बड़े स्कोर बनाने से रह गया है पर हमें विश्वास है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ सकता है और इसलिए हम उसे टीम में रखते हैं।

# सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का बड़ा कदम, नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में बनाएगा 50 मैदान

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।

दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, ''इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था।

दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, 'इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।'

दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे और अगले चरण में इसे पूरे जिले में दोहराया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं भी खेल के मैदानों का निर्माण कर सकता था लेकिन विचार यह था कि युवाओं और बच्चों को आकर्षित करने के लिए समुदाय और सचिन तेंदुलकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को इसमें शामिल किया जाए।

दुदावत ने कहा, 'लंबे समय में हम चाहते हैं कि अगला सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा और पीटी उषा बस्तर से आएं।' अधिकारी ने कहा कि इस पहल के तहत अपने क्षेत्रों में खेल के बेहतरीन मैदान विकसित करने वाली पंचायतों को स्केटिंग पार्क से पुरस्कृत किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एक आवासीय खेल शहर भी बना रहा है जहां क्षेत्र के पदक जीतने की क्षमता वाले शीर्ष खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस खेल शहर में क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी के मैदान, स्विमिंग पूल और अन्य खेल सुविधाएं होंगी।

# बिहार में मुफ्त बिजली और डोमिसाइल लागू करेंगे: तेजस्वी यादव



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पाल समाज के महासम्मेलन में शामिल हुए। पाल समाज की ओर से तेजस्वी यादव को प्रतीक के तौर पर भेड़ भेंट की गई। वे स्टेज पर ही भेड़ को घुमाते नजर आए। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने अपनी भविष्य की योजनाएं साझा करते हुए कहा कि 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी। 100 प्रतिशत डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ नेता मंगनी लाल मंडल और सांसद संजय यादव भी मौजूद रहे। यादव ने कहा कि आपलोगों का समर्थन लालू जी को मिला, वही प्यार और सम्मान हमें भी मिला है। आपने जो ऋण दिया है, उसे हम जरूर चुकाएंगे। नीतीश जी हमारे चाचा हैं। लेकिन, उन्होंने सभी पर ऋण चढ़ा दिया है। अब उन पर उम्र का असर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की जिम्मेदारी हम लेंगे और समाज की मांगें हमारी जिम्मेदारी बन गई हैं।

तेजस्वी ने सम्मेलन में वादा किया कि उनकी सरकार बनते ही पाल समाज को राजनीतिक भागीदारी दी जाएगी। एक आयोग का गठन किया जाएगा, जो समाज की समस्याओं और मांगों पर काम करेगा। बीजेपी आरक्षण खत्म करना चाहती है। आरक्षण की सीमा बढ़ाई। लेकिन, बीजेपी ने हमेशा दलितों और अति पिछड़ों को नौकरी में नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बीजेपी को आरक्षण चोर पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार को देखकर पीड़ा होती है। 20 साल से नीतीश मुख्यमंत्री हैं, 11 साल से मोदी प्रधानमंत्री हैं, लेकिन गरीबों और बेरोजगारों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अब तो महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं।


तेजस्वी ने कहा कि जब वे सत्ता में थे, तो बहाली करवाई लेकिन बीजेपी को ये पच नहीं रहा। वे आरएसएस के स्कूलों में पढ़े हैं, इसलिए आरक्षण और सामाजिक न्याय के विरोधी हैं। महंगाई को लेकर उन्होंने स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि पहले गैस के दाम बढ़ने पर सड़कों पर आती थीं, आज महंगाई उन्हें भौजाई लग रही है। तेजस्वी ने आगे कहा कि जब मैंने नौकरी दी तो क्या वह जंगलराज था? अस्पतालों में छापा मारा, तो क्या वो गुनाह था? निवेश लाया तो क्या गलत किया? उन्होंने पूछा कि बीते 20 वर्षों में सरकार ने क्या किया? तेजस्वी की उम्र भले ही कच्ची हो, लेकिन जुबान पक्की है। अभी सत्तर-पचहत्तर तक राजनीति करेंगे। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि बिहार में अपराध बढ़े हैं। मुख्यमंत्री को उपमुख्यमंत्री का नाम तक पता नहीं है। सरकार अचेत अवस्था में हैं गाड़ी 15 साल बाद खटारा हो जाती है तो 20 साल पुरानी सरकार को क्यों मौका दें? लालू यादव पर बीजेपी के आरोपों पर तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी ने लालू प्रसाद पर डॉ. अंबेडकर के अपमान का झूठा आरोप लगाया है।

## ईरान से युद्ध के बीच इजरायल में हाई-अलर्ट पर भारतीय दूतावास

**नई दिल्ली ।** ईरान से जारी भीषण युद्ध के बीच इजरायल के तेल अवीव में मौजूद भारतीय दूतावास हाई-अलर्ट पर है। शनिवार को दूतावास ने एक चौबीसों घंटे चलने वाली आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की और उसके साथ ही भारतीय नागरिकों को लगातार चौकन्ने रहने का परामर्श जारी किया गया। यह जानकारी भारतीय दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी। जिसमें बताया कि हम लगातार उभरते हुए हालातों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। जिसमें भारत के नागरिकों की सुरक्षा भी शामिल है। अगर किसी को कोई आपातकालीन सहायता चाहिए तो 24×7 हेल्पलाइन नंबर 97254-7520711, 97254-3278392 और जारी ईमेल के जरिए संपर्क में बने रहें।


दूतावास ने अपने परामर्श में भारतीयों को यह भी हिदायत दी है कि वो इजरायल के अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा बताए जा रहे सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। यहां बता दें कि दूतावास की तरफ से इजरायल द्वारा ईरान पर की गई ऑपरेशन राइजिंग लायन की कार्रवाई के बाद भी ऐसा ही एक परामर्श जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि भारतीय नागरिक सतर्कता बरतें और देश यानी इजरायल के अंदर अनावश्यक यात्रा करने से बचें। साथ ही नागरिकों को सुरक्षा ठिकानों के करीब रहने की हिदायत भी दूतावास द्वारा दी गई थी। इजरायल ने ईरान पर तड़के 13 जून को किए गए हमले में उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य ठिकानों पर हमला बोला था। जिसमें ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इजरायल के खिलाफ ड्रोन से बड़ा हमला किया। जिसमें लगभग तीन लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए हैं। दोनों देशों के बीच तनाव फिलहाल चरम पर है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की है।

## बुरहानपुर के दंपत्ति ने बना डाला हूबहु ताजमहल, वायरल हुआ वीडियो



बुरहानपुर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर का एक बुजुर्ग कपल उन ज्यादातर लोगों में शामिल है, जो ताजमहल को शहंशाह का दिखावा नहीं बल्कि मोहब्बत की निशानी मानते हैं। इस जोड़े ने अपनी मोहब्बत की निशानी को सदियों तक जिंदा रखने के लिए अपना खुद का ताजमहल बना डाला।इस जोड़े का अपने ताजमहल जैसे घर के चारों तरफ का दौरा करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लोग कपल की खूब तारीफ भी कर रहे हैं। बुरहानपुर के रहने वाले आनंद प्रकाश चौकसे और उनकी पत्नी अंजलि ने यह घर बनाया है। यहां एक स्कूल के अंदर संगमरमर से बना यह घर 4 बीएचके है। इस घर को ताजमहल की छोटी प्रति के रूप में बनाया गया है।इंस्टाग्राम और कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे इस वीडियो को प्रियम सारस्वत नाम के यूजर ने पोस्ट किया है।वायरल पोस्ट में सारस्वत कपल से पूछ रहे हैं कि क्या ताजमहल जैसा दिखने वाल घर वाकई उनका है, तो दंपति जवाब देते हुए कहते हैं कि हां, यह घर उन्हीं का है, जिसे ताजमहल की छोटी प्रतिकृति के रूप में बनाया गया है। इस दौरान वो ताजमहल जैसे बने अपने घर के बारे में प्रियम सारस्वत से बताते हैं।बुरहानपुर के कपल ने ताजमहल जैसे दिखने वाले घर के बारे में बताया कि इसे मकराना संगमरमर से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ताजमहल की मीटर की माप को इस घर में फीट में बदल दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह घर ताजमहल के मुकाबले तीन गुना छोटा है। प्यार की निशानी के रूप में बनाया गया यह घर संगमरमर की गुंबदों, नक्काशीदार खंभों और मेहराबदार दरवाजों के साथ पहले से बने हुए एक स्कूल के अंदर बनाया गया है। इस वायरल वीडियो की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

## पत्नी के निधन के 3 दिन बाद कथा करने पहुंचे मोरारी बापू का विरोध, बोले- सूतक में ठीक नहीं



वाराणसी (एजेंसी)। कहते हैं जब लालच मन में होता है तो रीति-रिवाज और परंपराओं को भी ठेंगा दिखा दिया जाता है। कथावाचक मुरारी बापू पर भी कुछ इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। बापू की मानस सिंदूर कथा से पहले ही काशी में विवाद शुरू हो गया है। पत्नी के निधन के 3 दिन बाद रामकथा के लिए काशी पहुंचे मोरारी बापू का विरोध शुरू हो गया है। सूतक में बाबा विश्वनाथ का स्पर्श दर्शन करने और व्यासपीठ से रामकथा का काशी का शंकराचार्य, संत समाज, काशीतीर्थ पुरोहित और वैष्णव संतों में आक्रोश है।इस पूरे मामले अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने अपनी बात रखी। कहा- सूतक काल में कथा वाचक मोरारी बापू का कथा कहना घोर निंदनीय है। उन्हें इस काल में राम कथा नहीं कहनी चाहिए। उन्होंने धर्म से ऊपर उठकर अर्थ की कामना से इस तरह का कृत्य करना गलत है। ये समाज के लिए निंदनीय है। इससे पहले उन्होंने यह जानते हुए भी कि 32 प्रकार की अग्नि होती है, उन्होंने चिता की अग्नि के सामने फेरे डलवाए थे। व्यास पीठ पर बैठकर अल्लाह-मौला करना उचित नहीं। मंगल का अमंगल से कनेक्शन जोड़ते हैं। वहीं मोरारी बापू का कहना है कि वह वैष्णव साधु हैं और उन पर यह नियम लागू नहीं होता है। रविवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में रामकथा के दूसरे दिन मोरारी बापू ने दो मत के भेद को बताया। उन्होंने कहा- बहुत से शब्द ऐसे हैं जिसका मत अलग-अलग होता है। तुलसी दास ने सिंदूर तो कहीं संदूर शब्द का भी प्रयोग किया है। उन्होंने कहा-काशी में लोग विद्वान है। उनको मैं प्रणाम करता हूं। स्वामी जितेंद्रानंद ने सवाल उठाए कि ब्रह्मनिष्ठ, ब्रह्मचारी और राजा को सूरत नहीं लगता, तो मोरारी बापू को बताना चाहिए वो किसमें आते हैं? सिर्फ संन्यास परंपरा में ही जीवित खुद का पिंडदान करता है। मोरारी बापू समाज को धोखा न दें, धर्म को धंधे में न बदलें, यही बेहतर होगा।

## महाराष्ट्र में दोहराया गया सोनम कांड, पति की बेरहमी से हत्या, दो महीने तक घर में पड़ा रहा शव

नासिक (एजेंसी)। । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के सोनम रघुवंशी मामले की चर्चा इस समय पूरे देश में हो रही है। इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी मेघालय में हनीमून पर थे, वहीं सोनम और उसके प्रेमी ने राजा रघुवंशी की हत्या कर दी। अभी यह मामला ताजा ही है कि महाराष्ट्र के नासिक में भी ऐसी ही खौफनाक घटना सामने आई है। यहां पत्नी ने अपने पति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इस घटना के सामने आने के बाद हर तरफ हड़कंप मचा है। इस घटना से परिवार के लोग भी स्तब्ध हैं। जानकारी के अनुसार नासिक के सुरगाणा तालुका के मालगोंदा के यशवंत मोहन ठाकरे की उसकी ही पत्नी द्वारा कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने की घटना एक महीने बाद सामने आई है। दरअसल गुजरात के बिलिमोरा में मजदूरी करने गया बेटा दो महीने तक वापस नहीं लौटा तो यशवंत के माता-पिता ने बहू से पूछताछ की लेकिन उसकी कोई खबर नही मिली। बहू भी गुजरात के बिलिमोरा के लिए रवाना हो गई। परिवार ने बेटे के लौटने के बारे में पूछताछ करने की कोशिश की। लेकिन उसकी कोई खबर नहीं थी। बेटे का कोई पता नहीं चलते देख माता-पिता हताश हो गए। आखिर में जब यशवंत के भाई की पत्नी उसकी पत्नी प्रभा से मिलने आई तो उसे कुछ संदिग्ध चीजें दिखीं। प्रभा दरवाजे पर यशवंत की चप्पलें गोद में छिपा रही थी। इसी वजह से उसे शक हुआ। फिर उसने ये चीजें अपने पति के कान में डाल दीं। इसके बाद घटना सार्वजनिक हो गई। तलाश करने पर पुलिस को घर के कूड़े के ढेर में उसका शव मिला। पुलिस ने बोरे में बंद क्षत-विक्षत शव को कब्जे में ले लिया और सुरगाणा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ईरान-इजरायल युद्ध को लेकर ओवैसी ने की विदेश मंत्री जयशंकर से अपील

**-ईरान में फंसे भारतीय छात्रों और इराक में फंसे श्रद्धालुओं को निकालें**



**हैदराबाद (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में चल रहे ईरान-इजरायल युद्ध के बीच एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस अहम मुद्दे की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने एक ट्वीट के जरिए बताया कि ईरान में 1,595 भारतीय छात्र फंसे हैं, जिनमें से 140 मेडिकल छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। इसके अलावा, इराक में 183 भारतीय श्रद्धालु भी संकट में हैं। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव से संपर्क किया है और वहां फंसे सभी भारतीय नागरिकों की पूरी जानकारी भी साझा की है।

ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से तत्काल ईरान से भारतीय लोगों को निकालने के अभियान को शुरू करने की अपील की है। तेलंगाना से संबंधित छात्रों और श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी के लिए ओवैसी ने तेलंगाना के सीएमओ से भी अपील की है। ओवैसी ने अपने ट्वीट में लिखा- ईरान में 1,595 भारतीय छात्र फंसे हुए हैं, जिनमें 140 मेडिकल छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी में हैं। इसके अलावा, 183 भारतीय श्रद्धालु इराक में फंसे हैं। उनकी जल्द से जल्द निकासी जरूरी है। मैं विदेश मंत्री जयशंकर और तेलंगाना सीएमओ से अपील करता हूं कि इनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए।

बता दें इस समय ईरान और इजरायल के बीच चल रही सैन्य कार्रवाई से न केवल इन देशों बल्कि आसपास के इलाकों में भी स्थिति अस्थिर है। एयरस्पेस बंद हैं, बमबारी और ड्रोन हमले लगातार जारी हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की जान को खतरा होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। ईरान और इजरायल में भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद भारतीयों को सतर्क और सुरक्षित रहने के अपील की है।

# राहुल चीन-पाक दूतावास और विदेशी मीडिया पर भरोसा करते हैं देश पर नहीं

**-केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को राहुल गांधी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ के दौरान हुई मौतों की गलत रिपोर्टिंग को लेकर योगी सरकार की आलोचना की थी। गिरिराज ने राहुल गांधी पर बार-बार विदेशी स्रोतों और बयानों पर भरोसा करने का आरोप लगाया, जो उनके मुताबिक भारत की छवि को कमजोर करते हैं। गिरिराज ने राहुल गांधी की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि राहुल गांधी चीनी-पाकिस्तानी दूतावास और बीबीसी की रिपोर्ट पर भरोसा करते हैं, लेकिन उन्हें अपने देश पर भरोसा नहीं है। यह राहुल गांधी की विश्वसनीयता का सही प्रतिबिंब है।

उन्होंने कहा कि चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो या बीबीसी की कोई भी रिपोर्ट वह हमेशा भारत के खिलाफ बोलते हैं। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने देश के खिलाफ ही बोलने की कसम खा ली है। बता दें यह विवाद तब शुरू हुआ जब राहुल गांधी ने बुधवार को बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की वास्तविक संख्या योगी सरकार ने छिपाई थी। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा- बीबीसी की रिपोर्ट से पता चलता है कि कुंभ मेले में भगदड़ में हुई मौतों के आंकड़े छिपाए गए थे। कोविड की तरह गरीबों के शवों को आंकड़ों से मिटा दिया गया। हर बड़ी रेल दुर्घटना के बाद की तरह सच्चाई को दबा दिया जाता है। सत्तारूढ़ बीजेपी की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बीजेपी मॉडल है। अगर गरीबों की गिनती नहीं होगी, तो जवाबदेही भी नहीं होगी। राहुल गांधी की टिप्पणियों पर बीजेपी नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया दी थीं, जिसमें कई लोगों ने उन पर संवेदनशील मामलों का राजनीतिकरण करने और घरेलू संस्थानों की बजाय विदेशी मीडिया पर भरोसा करने का आरोप लगाया था।

## तिरुवनंतपुरम में हुई ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान की आपात लैंडिंग

तिरुवनंतपुरम। ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात एक ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया। सूत्रों के मुताबिक हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।

# अरुणाचल में बारिश का कहर, बीते एक सप्ताह से चीन से सटा जिला हुआ बेहाल



**इटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश का अंजाव जिला देश के अन्य हिस्सों से पिछले आठ दिनों से पूरी तरह से कटा हुआ है। भारत-चीन और भारत-म्यांमार सीमा को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे-113 पर भी कई जगह कटाव और गड्ढे हो गए हैं। इसकी वजह से यह रास्ता भी इस्तेमाल के लायक नहीं है। इस हाइवे के अरोवा-खुपा-हायुलियांग के मोनपानी सेक्शन पर भी हालात ठीक नहीं है। इस वजह से स्थानीय लोगों तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही रणनीतिक रूप से अहम चीनी सीमा से सटे इलाकों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है।

स्थानीय अधिकारियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें स्थानीय निवासियों से रात में यात्रा करने से बचने और सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इस बीच महिला एवं बाल विकास मंत्री और इस क्षेत्र से विधायक दासांग्लू पुल ने जमीन पर हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मोनापानी में काम चल रहा है। इसके लिए अधिकारी पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। इसके अलावा फंसे हुए लोगों की मदद के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की गई है। रास्ता बंद होने के चलते दूर स्थित किबिथू और चगलगाम तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। चीन और म्यांमार की सीमा से जुड़े होने के चलते यह दोनों इलाके रणनीतिक रूप से बेहद अहम हैं। वहीं, कई इलाकों में स्थानीय समुदाय के लोग अलग-थलग पड़ गए हैं। खासतौर पर हायुलियांग, हवाई और आसपास के गांवों में चीजों की भारी किल्लत हो रही है। वाहनों का यातायात ठप होने के चलते तमाम स्थानीय लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर जरूरी चीजें लाने के लिए विवश हैं।

### बनेगा अस्थायी रास्ता

मंत्री पुल ने यह भी बताया कि अस्थायी तौर पर एक रास्ते की मंजूरी दी गई है, ताकि भविष्य में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहाकि एक बार हालात सामान्य हो जाने के बाद इस नए रास्ते के लिए काम शुरू होगा। एनएच-113 कॉरिडोर के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहाकि यह रास्ता हाइवे से बढ़कर है। यह लाइफलाइन है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि शांति और सहयोग बनाए रखेंगे। लोगों की समस्या को हल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# एक पिता बिना कहे सब कुछ कर जाते हैं : कहती हैं : अभिनेत्री इशिता गांगुली



**मुंबई (एजेंसी)।** पिता वो होते हैं, जो खुद थक कर भी अपने परिवार को हिम्मत देते हैं। वे हमसे जुड़े गम अपने दिल में छिपा लेते हैं, और बिना कुछ कहे हर कदम पर हमारा साथ देते हैं। वे शायद बार-बार 'आई लव यू' न कहें, लेकिन उनका हर छोटा-बड़ा भाव उनके प्यार की गहराई को बयाँ करता है। उनका हर कदम सिर्फ परिवार की खुशी और सुरक्षा के लिए उठाया जाता है। फादर्स डे के खास मौके पर शेमारू उमंग के शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में 'चमकीली' का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री इशिता गांगुली ने अपने पिता से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा की और अपनी ज़िंदगी में उनके महत्व को बयाँ किया। इशिता गांगुली ने कहा, मेरे पापा ने हमेशा मुझे सपोर्ट किया है। वे बिना कुछ कहे हर दिन मेरे लिए बहुत कुछ करते हैं। मेरे लिए वे सिर्फ मेरे पापा नहीं, बल्कि मेरे सुपरहीरो हैं। मुझे आज भी याद है, वे हर सुबह मुझे स्कूल छोड़ने जाते थे और उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान होती थी। जो भी चीज मुझे पसंद आती थी, वे बिना माँगे मुझे लेकर देते थे। वे हमेशा मेरी जरूरतें मुझसे पहले समझ जाते हैं। उनकी मौजूदगी ही मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है, वे मुझे हर मुश्किल से बचाने के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹एक पिता बिना कहे सब कुछ कर जाते हैं। पापा ने कभी कुछ बदले में नहीं माँगा। उन्होंने सिर्फ मेरी खुशी के लिए अपने कितने ही सपनों को त्याग दिया। चाहे वह देर रात तक जागकर मुझे पढ़ाई में मदद करना हो या फिर मेरी पसंद की कोई चीज चुपचाप लाकर देना हो, उनकी हर बात में उनका प्यार और स्नेह झलकता है। मेरे पिता मेरे जीवन का आशीर्वाद हैं, जो मुझे हिम्मत, प्यार और दुनिया का सामना करने का आत्मविश्वास देते हैं।

# विमान गिराने का पाक का दावा झूठा, एफ-35 से ज्यादा खतरनाक है राफेल: एरिक

**-यह जासूसी मिशन, परमाणु प्रतिरोध और एयरक्राफ्ट से उड़ान भरने में सक्षम**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इससे पाकिस्तान भड़का और भारत पर हमले किया, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई के आगे वह टिक नहीं सका। भारतीय सेना ने उसकी सभी कोशिशों का नाकाम कर दिया। भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान ने पुरानी तरकीब अपनाई। अपनी इस हार को जीत बताने के लिए कई दावे करने लगा।

इस दौरान पाकिस्तान ने दावा किया था कि इस संघर्ष में उसने भारत के तीन राफेल समेत पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। हालांकि इसके लिए ना तो सबूत दिए और ना ही कोई तथ्य। अब राफेल बनाने वाली कंपनी ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया है। फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी के सीईओ एरिक ट्रापि ने पाकिस्तान द्वारा तीन भारतीय राफेल फाइटर जेट मार गिराने के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने इस दावे को गलत और तथ्यहीन बताया है।

एरिक का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिनों बाद पेरिस एयर शो आयोजित होने वाला है और दुनियाभर में आधुनिक लड़ाकू विमानों की युद्ध-क्षमता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय राफेल के गिरने की खबरें गलत हैं। हमें राफेल की क्षमताओं और उसकी जंग में टिकाऊपन पर पूरा यकीन है। उन्होंने कहा कि राफेल एक बहुपयोगी विमान है। यह हवा से हवा में लड़ाई, भूमि पर हमले, जासूसी मिशन, परमाणु प्रतिरोध, और एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान में सक्षम है। एरिक ने राफेल की तुलना में कहा यह एफ-22 जैसे स्टील्थ विमानों से मुकाबले में कुछ सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन एफ-35 की तुलना में राफेल युद्ध के लिए ज्यादा बेहतर है। चीन के मौजूदा लड़ाकू विमानों से कहीं ज्यादा सक्षम हैं राफेल। बता दें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में दावा किया था कि पाकिस्तान ने 5 भारतीय लड़ाकू विमान, जिनमें 3 राफेल शामिल थे, मार गिराए हैं। कुछ भारतीय सैनिकों को बंदी भी बनाया गया है। हालांकि पाकिस्तान ने इन दावों का कोई ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया गया है। भारतीय रक्षा सूत्रों ने कहा है कि भारत को कुछ नुकसान हुआ, लेकिन आईएएफ ने पाकिस्तान को कहीं ज्यादा क्षति पहुंचाई है। भारत ने 6 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान, 2 निगरानी विमान, 1 सी-130 ट्रांसपोर्ट प्लेन, 30 से ज्यादा मिसाइलें और कई ड्रोन तबाह किए हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**